● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 02, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 29 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



मानसिक संतुलन खो चुके अरविंद केजरीवाल: सैनी 5

रोहित शर्मा का रणजी सफर थमा 6

## एस जयशंकर ने अबू धाबी के क्राउन प्रिंस से की मुलाकात

### भारत-यूएई साझेदारी को और आगे बढ़ाने पर चर्चा



**अबू धाबी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। इस मुलाकात के बार में जयशंकर ने एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने लिखा, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस अल नाहयान से मिलकर खुशी हुई। हमने उनके हाल ही के भारत दौरे की यादें ताजा कीं और भारत-यूएई साझेदारी को और आगे बढ़ाने पर चर्चा की। इससे पहले, जयशंकर ने आज सुबह यूएई के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार अनवर गर्गश से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी पर चर्चा हुई। इसकी जानकारी विदेश मंत्री एक्स पर दी और लिखा, आज सुबह यूएई के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार अनवर गर्गश से मिलकर खुशी हुई। हमने अपनी विशेष साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर 27 से 29 जनवरी तक यूएई के दौरे पर हैं। उनका मकसद भारत और यूएई के संबंधों को और भी मजबूत करना है। भारत और यूएई के बीच राजनयिक संबंध 1972 में स्थापित हुए थे। उस समय यूएई ने भारत में अपना दूतावास खोला था और भारत ने 1973 में यूएई में अपना दूतावास खोला। तबसे यहय संबंध मजबूत होते गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2015 के यूएई दौरे के बाद दोनों देशों के संबंधों में नया मोड़ आया। यह भारत के किसी प्रधानमंत्री का यूएई का पहला दौरा था, जो 34 वर्षों के बाद हुआ था।

## हमने खेलों के विकास को प्राथमिकता दी, खेल बजट तीन गुना बढ़ाया: पीएम



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देहरादून के राजीव गांधी स्टेडियम में 38वें नेशनल गेम्स का उद्घाटन किया। इस मौके पर 2 हजार 25 स्कूली स्टूडेंट्स ने शंखनाद किया। पीएम मोदी ने सेरेमनी में कहा- हमने खेलों के विकास को प्राथमिकता दी है। खेल बजट तीन गुना बढ़ाया है। देश के खिलाड़ी मुझे पीएम यानी प्रधानमंत्री नहीं, परम मित्र बुलाते हैं।

बाबा केदार की पूजा के साथ नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। इन गेम्स में देश के कोने-कोने से आए युवा अपना हुनर दिखाएंगे। यहां मुझे एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर दिख रही है। इस बार के नेशनल गेम्स एकता के ग्रीन गेम्स भी हैं। इनमें एनवायरमेंट फ्रेंडली चीजों का उपयोग हो रहा है।

यहां भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मशाल लेकर आए। सभी राज्यों के खिलाड़ियों ने परेड ऑफ स्टेट्स में हिस्सा लिया। सेरेमनी में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त), सीएम पुष्कर सिंह धामी और आईओए की प्रेसिडेंट पीटी ऊषा मौजूद रहे। प्लेबैक सिंगर जुबिन नौटियाल की प्रस्तुतियों से सेरेमनी समाप्त हुई।

देवभूमि आज और दिव्य हो उठी है। बाबा केदार की पूजा के साथ नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। ये उत्तराखंड का 25वां वर्ष है। इन गेम्स में देश के कोने-कोने से आए युवा अपना हुनर दिखाएंगे।

यहां एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर दिख रही है। इस बार के नेशनल गेम्स एकता के ग्रीन गेम्स भी हैं। इनमें एनवायरमेंट फ्रेंडली चीजों का उपयोग हो रहा है।

देश के कोने-कोने से आए युवा अपना समर्थ दिखाएंगे। नेशनल गेम्स में इस बार कई पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इसे ग्रीन गेम भी कहा गया है। मैं सभी खिलाड़ियों को अच्छे परफॉरमेंस के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आज साल भर में कई सारे टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं। खेल इंडिया यूथ गेम्स से कई युवाओं को आगे जाने का मौका मिला। अब कुछ दिन पहले खेलो इंडिया विंटर गेम्स के पांचवें संस्करण का आयोजन किया गया।

अभी कुछ दिन पहले हमारी खो-खो टीम ने वर्ल्ड कप जीता है। चेस में गुकेश सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। भारत 2036 ओलिंपिक की मेजबानी के लिए पूरा जोर लगा रहा है।

ओपनिंग सेरेमनी में कल्चरल एक्टीविटी और सीएम के भाषण के बाद परेड ऑफ स्टेट्स हो रही है। सभी राज्यों से आए खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम नेशनल गेम्स का आयोजन ग्रीन एनर्जी थीम पर कर रहे हैं।

## म.प्र. में निवेश की अनंत संभावनाएँ : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान दौरे के पहले दिन टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। उन्होंने श्री तोशियूकी नाकाहारा महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन और श्री मासाहिरो नोगी परियोजना महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन के साथ व्यापारिक संभावनाओं के निवेश के अवसरों पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक आइडियल डेस्टिनेशन बताते हुए राज्य की प्रमुख विशेषताओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भारत के केंद्र में स्थित है, जो उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम के लिए एक आदर्श केंद्र बिंदु बनता है। हमारे पास विशाल औद्योगिक भूमि बैंक, कुशल युवा कार्यबल और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा है। खासतौर पर पीथमपुर ऑटोमोबाइल क्लस्टर तेजी से उभरता हुआ औद्योगिक केंद्र है, जो वैश्विक निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं लेकर आया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य की शांतिपूर्ण और आपदा-रहित स्थिति पर जोर देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश, जापान की तरह ही शांति और स्थिरता के लिए प्रसिद्ध है। राज्य प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित है, जो इसे निवेश के लिए और भी अनुकूल बनाता है।

यहां की सरल और परिश्रमी जनता, तकनीकी कौशल और व्यवसाय के लिए प्रतिबद्धता के साथ उद्योगों को उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोयोटा को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया और विशेष रूप से तकनीकी नौकरियों में युवाओं के प्रशिक्षण और सशक्तिकरण के लिए संभावनाओं पर जोर दिया।

## वायनाड में बाघ का शिकार हुई महिला के घर पहुंचीं प्रियंका गांधी



**वायनाड।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी मंगलवार को केरल में अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर पहुंचीं। वायनाड में प्रियंका गांधी ने बाघ के हमले में जान गंवाने वाली महिला राधा के परिजनों से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की। प्रियंका गांधी कन्नूर हवाई अड्डे से सड़क मार्ग द्वारा वायनाड पहुंचीं। वायनाड पहुंचकर सबसे पहले प्रियंका गांधी राधा के घर पहुंचीं। हालांकि इस दौरान उन्हें सीपीआईएम कार्यकर्ताओं के विरोध का भी सामना करना पड़ा। बीती 24 जनवरी को एक बाघ ने राधा नामक महिला को मार डाला था। राधा मनंतावाड़ी गांव में स्थित प्रियदर्शिनी एस्टेट में कॉफी बीन्स लेने गई थी। उसी दौरान राधा पर बाघ ने हमला कर उसे मार डाला। सोमवार को राधा का शिकार करने वाला बाघ भी मृत पाया गया। वन अधिकारियों का कहना है कि बाघ के पेट में बाल, राधा के कपड़े और कान की बालियां मिली हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इन्हीं की वजह से बाघ की मौत हुई। प्रियंका गांधी राधा के परिवार से मिलने के बाद कांग्रेस नेता रहे एनएम विजयन के घर भी जाएंगी। एनएम विजयन और उनके बेटे ने 27 दिसंबर 2024 को आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि सत्ताधारी सीपीआईएम के विधायक आईसी बालकृष्णन ने सहकारी बैंक घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाते हुए विजयन को प्रताड़ित किया था, जिससे तंग आकर विजयन और उनके बेटे ने आत्महत्या कर ली थी।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के गंगा स्नान पर दिए बयान को लेकर भोपाल में बीजेपी का प्रदर्शन, जलाया पुतला

**भोपाल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के एक बयान से देश भर में सियासी जंग छिड़ गई है। दरअसल सोमवार को भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू में कांग्रेस ने जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली आयोजित की। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होती है? क्या इससे खाना मिलता है। इस बीजेपी ने कड़ी प्रक्रिया रही है। मंगलवार को भोपाल में र बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने रोशनपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया।

## श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों पर बरसाईं गोलियां

### पड़ोसी देश के कार्यवाहक राजदूत तलब



**नई दिल्ली।** भारत ने भारतीय मछुआरों के मुद्दे पर श्रीलंका के सामने नाराजगी जताई है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, श्रीलंकाई नौसेना की ओर से भारतीय मछुआरों को पकड़ने के लिए की गई गोलीबारी पर कोलंबो के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डेल्फ्ट द्वीप के पास श्रीलंकाई नौसेना की फायरिंग में दो भारतीय मछुआरे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल भारतीय मछुआरों का जाफना अस्पताल में इलाज चल रहा है। श्रीलंका के कार्यवाहक राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, आज सुबह डेल्फ्ट द्वीप के नजदीक 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना की ओर से गोलीबारी की घटना की सूचना मिली। मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार 13 मछुआरों में से दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज जाफना टीचिंग अस्पताल में चल रहा है। तीन अन्य मछुआरों को मामूली चोटें आईं हैं। उनका भी इलाज किया जा रहा है। जाफना में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने मछुआरों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की है। बयान में आगे कहा गया, नई दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को आज सुबह विदेश मंत्रालय में बुलाया गया और इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। कोलंबो में हमारे उच्चायोग ने भी इस मामले को श्रीलंका सरकार के विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया है।

## जेल के अंदर भी बाहर भी सुधार के हो प्रयास: राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जेल के अंदर सुधारात्मक सेवाओं के साथ ही जेल के बाहर भी समाज सुधार के प्रयासों की पहल की जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की है कि अपराधों की प्रकृति, परिस्थितियों और स्वरूप के विश्लेषण से प्राप्त जानकारियों के आधार पर समाज के साथ संवाद के कार्यक्रम तैयार करे। अपराध घटित नहीं हो, इस दिशा में सामुदायिक जनजागृति के प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन में गृह, विधि, जेल विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे।

## अब व्हाट्एसएप या ई-मेल से आरोपी को नोटिस नहीं भेज सकेगी पुलिस: सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) के तहत पुलिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए आरोपी व्यक्ति को नोटिस नहीं भेज सकती है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे पुलिस को सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वहीं तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो। शीर्ष कोर्ट ने कहा, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस भेजना सीआरपीसी और बीएनएसएस के तहत तय की गई विधियों का विकल्प नहीं हो सकता। यह आदेश तब आया जब कोर्ट ने वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा का सुझाव स्वीकार किया, जिन्हें इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया गया था।

## केजरीवाल जब आए थे तो छोटी सी कार थी, आज शीश महल में रहते हैं: राहुल



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने वेस्ट विनोद नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, केजरीवाल जो मन में आता है बोल देते हैं, जब वे आए थे तो उनके पास एक छोटी कार थी और उन्होंने कहा था कि वे एक नई तरह की राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा था कि वे दिल्ली को बदल देंगे लेकिन जब गरीबों को जरूरत थी, तो वे वहां नहीं थे, जब दंगे हुए तो वे वहां नहीं थे। उन्होंने कहा था कि वे स्वच्छ राजनीति करेंगे, लेकिन दिल्ली में शराब का सबसे बड़ा घोटाला हुआ और आपने उनके घर की फोटो देखी होगी। केजरीवाल एक महल में रहते हैं, शीश महल में। तो यह सच है।

पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के पश्चिम विनोद नगर में जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, एक तरफ नफरत फैलाने वाले बीजेपी-आरएसएस के लोग हैं और दूसरी तरफ कांग्रेस है-हम नफरत का हिंदुस्तान नहीं चाहते हैं। हमें मोहब्बत का हिंदुस्तान चाहिए। आरएसएस-बीजेपी जो एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाते हैं एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाते हैं और बीच में अरविंद केजरीवाल जी जिनके मन में जो भी आता है वह वो कह देते हैं। उन्होंने कहा था कि दिल्ली को बदल देंगे लेकिन जब गरीबों को उनकी जरूरत पड़ी तो वह कहीं नहीं दिखे। कस्तूरबा नगर से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी नीरज बसोया के समर्थन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया रोड शो। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली के विकासपुरी में भाजपा प्रत्याशी पंकज कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इसमें उन्होंने आप सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सड़कों पर गड्ढे और प्रदूषित यमुना के मुद्दे पर दिल्ली की मौजूद सरकार को आड़े हाथों लिया। मंगोलपुरी विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, जब मैं गाजियाबाद से दिल्ली की ओर आ रहा था, यमुना जी जो कभी भारत की पौराणिक नदी के रूप में हम सबकी आस्था की प्रतीक थी उसमें से बदबू आ रही थी। उस पावन यमुना नदी से सीवर जैसी बदबू आ रही थी।

## अपना 100वां मिशन लॉन्च करने के लिए इसरो तैयार

**श्री हरिकोटा।** इसरो के 100वें मिशन जीएसएलवी-एफ 15 रॉकेट के साथ सैटेलाइट एनवीएस-02 को लॉन्च करने का काउंटडाउन शुरू हो गया है। स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज वाले रॉकेट को 29 जनवरी को सुबह 6.23 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से प्रक्षेपित किया जाएगा। 27 घंटे का काउंटडाउन पूरा करने के बाद रॉकेट सैटेलाइट को लेकर रवाना होगा। इसके साथ ही यह इसरो के नए अध्यक्ष वी नारायणन का पहला मिशन होगा। इसरो ने बताया कि जीएसएलवी-एफ15, एनवीएस-02 सैटेलाइट को भू-स्थिर स्थानांतरण कक्षा में स्थापित करेगा। इसकी 27.30 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार सुबह 02.53 बजे शुरू हुई। इसरो के अनुसार, नेविगेशन विद इंडियन कंस्टीलेशन भारत का स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है। इसका उद्देश्य भारत और भारतीय जमीन से 1,500 किमी तक फैले क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक पोजीशन, वेलोसिटी और टाइमिंग सेवाएं प्रदान करना है।

## कांग्रेस की मानसिकता सनातन के खिलाफ: सरमा

**नई दिल्ली।** प्रयागराज में संगम पर भाजपा नेताओं के पवित्र स्नान पर की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने निशाना साधा है। सीएम सरमा ने कहा कि उनका बयान सनातन के खिलाफ मानसिकता को दर्शाता है। वे आत्मचिंतन करें और अपना रुख तय करें। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि महाकुंभ पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बयान सनातन धर्म के खिलाफ उनकी मानसिकता को दर्शाता है। मेरा मानना है कि यह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक रुख है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि 2001 में सोनिया गांधी ने खुद कुंभ के दौरान पवित्र स्नान किया था।

## लोकायुक्त की हिरासत में पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा



**भोपाल।** भोपाल में आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा को आज (28 जनवरी) लोकायुक्त की टीम ने कोर्ट परिसर के बाहर से हिरासत में लिया। इसकी पुष्टि लोकायुक्त डीजी जयदेव प्रसाद ने की है। हालांकि लोकायुक्त का दावा है कि सौरभ को कल ही हिरासत में ले लिया गया था। इसके साथ ही चेतन सिंह को लेकर भी लोकायुक्त की टीम ने हिरासत में ले लिया है। लंबे समय से चेतन सिंह भी फरार चल रहा था। अब सौरभ के साथ-साथ चेतन से भी पूछताछ होगी। वहीं, सौरभ के वकील राकेश पाराशर ने बताया कि सौरभ कोर्ट के आदेश पर आज 11 बजे हाजिर होने वाला था, लेकिन लोकायुक्त पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। जबकि सौरभ ने सोमवार को कोर्ट में खुद उपस्थित होकर सरेंडर करने का आवेदन दिया था। एडीजे रामप्रसाद मिश्रा ने लोकायुक्त को केस डायरी के साथ उपस्थित होने के आदेश दिए थे। कोर्ट सूत्रों के मुताबिक सौरभ शर्मा सोमवार दोपहर 12:30 बजे के करीब सरेंडर करने एडीजे आरपी मिश्रा की कोर्ट पहुंचा था। यहां सौरभ के वकील ने सरेंडर के लिए आवेदन दिया। वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि सौरभ लोकायुक्त के आय से अधिक संपत्ति के एक प्रकरण में फरार चल रहा है। केस अंडर इंवेस्टिगेशन है।

## अब तक 15 करोड़ से अधिक ने लगाई डुबकी

### मौनी अमावस्या से एक दिन पहले महास्नान के लिए उमड़ा जन सैलाब



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। संगम जाने वाले सभी मार्ग भीड़ से पट गए हैं। मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी बढ़ गई है कि पैदल चलने वाले भी रेंग रहे हैं। वह पैर तक पूरी तरह आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। त्रिवेणी मार्ग, काली मार्ग के साथ शास्त्री ब्रिज, नाग वासुकि रोड, झूंसी रोड सभी मार्गों पर भयंकर भीड़ संगम की ओर बढ़ रही है। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं।

बड़े वाहनों को शहर के बाहर रोक दिया गया है। 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से लेकर मौनी अमावस्या के एक दिन पहले 28 जनवरी तक 15 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। स्थिति यह है कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक करीब एक करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।

वाराणसी से प्रयागराज आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को अंदावां रिंग रोड के पास ही रोक दिया जा रहा है। इसी तरह कानपुर से आने वालों को नेहरू पार्क और लखनऊ, प्रतापगढ़ और गोरखपुर से आने वाले वाहनों को शांतिपुरम से पहले ही रोक दिया जा रहा है। बड़े वाहनों के साथ ही दोपहिया वाहनों को भी शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। सिविल लाइंस सुभाष चौराहा, रोडवेज चौराहा के बाद मेडिकल चौराहा, सीएमपी डॉट पुल के सामने बैरिकेडिंग की गई है।

मेला प्रशासन और कुंभ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा।

संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए (इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर) मॉनिटरिंग करेगा। भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कदम उठाने के लिए विशेष दल तैनात किए गए हैं। प्रमुख मार्गों पर खास निगरानी की जा रही है। साथ ही, अराजक और संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान को देखते हुए मंगलवार से पांच हजार अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा।

# तकनीकी सहायक को नियम विरुद्ध चितरंगी जनपद में किया अटैच, सीईओ का कारनामा

## मानवाधिकार तक पहुंची सीईओ की शिकायत,चर्चित शाखा सहायक पर लग रहे गंभीर आरोप

**सिंगरौली।** जिला पंचायत सीईओ एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। अभी जिला शिक्षा केंद्र के डाटा एंट्री ऑपरेटर का मामला शांत भी नहीं हुआ कि अब सीईओ ने अपने मातहत कर्मचारी जिसका मूल पद जिला पंचायत में है फिर भी उन्हें नियम विरुद्ध तरीके से चितरंगी जनपद में संचालित योजनाओं में वांछित प्रगति के लिए अस्थाई तौर पर अटैच कर दिया है। हालांकि सीईओ को दंड देना विशेषाधिकार है लेकिन पद के विरुद्ध देना नियम के खिलाफ है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सीईओ ने संचालित योजनाओं में वांछित प्रगति के लिए जिला पंचायत में पदस्थ तकनीकी सहायक विपुल सिंह बघेल को जनपद पंचायत चितरंगी में अस्थाई रूप से अटैच करने का आदेश जारी किया है। अब सवाल यह है कि जब जनपद पंचायत में तकनीकी सहायक का कोई पद नहीं है ऐसे में जिला पंचायत में पदस्थ तकनीकी सहायक को जनपद में कैसे अटैच किया गया। चर्चा हैं कि जिला पंचायत सीईओ तकनीकी सहायक से नाराज है यही वजह है कि हालांकि इस तबादले को लेकर ना तो तकनीकी सहायक विपुल सिंह बघेल कुछ बोलने को तैयार है और ना ही जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी बता रहे हैं। लेकिन चर्चाओं के मुताबिक जिला पंचायत सीईओ तकनीकी सहायक से नाराज है लेकिन किस बात से नाराज है यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। नाराज स्वरूप यह आदेश जारी किया है। जबकि यह पद जनपदों में स्वीकृत नहीं है।

### सीईओ के चहेते बने चर्चित शाखा सहायक

बता दे की जिला पंचायत में



अटैच चर्चित शाखा सहायक डीपी चौधरी को पूर्व सीईओ साकेत मालवीय जिला पंचायत से भार मुक्त कर उन्हें जनपद बैढ़न में वापस भेज दिया था। लेकिन सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश उन्हें वापस जिला पंचायत में अटैच कर लिया। साथ ही उन्हें पंचायत स्थापना और न्यायालय शाखा जैसे अहम पदों की जिम्मेदारी दे दी। बताया जा रहा है कि वह सीईओ के सबसे चहेते कर्मचारियों में से एक है। यह अलग बात है कि डीपी चौधरी के पास सैकड़ो शिकायत लंबित है। शिकायतों का निराकरण नहीं होता है बल्कि जिनकी शिकायत होती है वह डीपी चौधरी और सीईओ से मेल मुलाकात करते है। लेकिन मेल मुलाकात के क्या मायने हैं यह सीईओ और डीपी चौधरी बता सकते हैं या फिर जिससे मुलाकात होती है। सूत्र बताते हैं कि शाखा सहायक में बिना चढ़ोतरी के कोई भी काम नहीं हो रहे हैं।

### मानवाधिकार तक पहुंची शिकायत

जिला पंचायत सीईओ पर अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दलवीर सिंह ने आरोप लगाया है कि डाटा एंट्री ऑपरेटर अजय सिंह चौहान को प्रताड़ित करते हैं क्योंकि वह सवर्ण जाति से हैं हालांकि इसमें कितनी सच्चाई हैं यह तो कहा नहीं जा सकता है लेकिन यह मामला अभी भी तूल पकड़ा हुआ है। और इसकी शिकायत मानवाधिकार आयोग तक पहुंच चुकी है।

### जनपद सीईओ नहीं होने से काम हो रहा प्रभावित

लंबे समय में चितरंगी जनपद में जनपद सीईओ का पद रिक्त है ऐसे में सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से नहीं हो रहा था, अधिकारी भी दबी जुबान योजनाओं से क्रियान्वयन नहीं हो पाने की बात स्वीकार कर रहे थे। लेकिन कोई खुलकर सामने नहीं आ रहा था अब जब जिला पंचायत सीईओ ने जिला पंचायत में पदस्थ तकनीकी सहायक को अटैच किया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जनपद पंचायत चितरंगी में नहीं हो पा रहा है।

# नशे में धुत्त महिला ने कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में मचाया उत्पात

## उमड़ी भीड़, मौके पर पहुंचे बैढ़न कोतवाल व उनकी टीम

**सिंगरौली।** कलेक्ट्रेट में आज मंगलवार को जनसुनवाई चल रही थी अचानक एक महिला दौड़ती हुई जनसुनवाई में पहुंची और अधिकारियों के सामने तांडव दिखाने लगी। कुछ देर के लिए तो अधिकारी भी सकते में आ गए। फिर महिला के पास जब महिला पुलिस आई तो पता चला कि महिला नशे में धुत्त है। मौके पर शहर कोतवाल भी पहुंचे। जहां किसी तरीके से महिला को शांत कराया गया।

जानकारी में पता चला कि महिला कृष्णमती साकेत कचनी डिहवा टोला की रहने वाली है। आज मंगलवार को सबसे पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। जहां एसपी के सामने हल्ला करने लगी। महिला के इस तांडव को देख पुलिस अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से भगा



दिया। महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से निकाली और कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। जहां जनसुनवाई चल रही थी। जनसुनवाई में कलेक्टर मौजूद नहीं थे। लेकिन अपर कलेक्टर अरविंद झा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडेय आवेदकों के आवेदन ले रहे थे। अचानक महिला अधिकारियों के सामने ऐसे नौटंकी करने लगी जैसे महिला को भूत चढ़ गया हो। काफी देर तक महिला ने जम कर तांडव किया। जहां कुछ देर के बाद महिला पुलिस को बुलाया गया। इसके बावजूद महिला कलेक्ट्रेट से जाने को तैयार नहीं थी। बताया जाता है कि महिला नशे में धुत्त थी किस काम के लिए आई थी। कुछ समझ में नहीं आ रहा था। कई लोगों पर कई तरह के अनर्गल आरोप लगा रही थी। जहां मौके पर कोतवाली टीआई वह उनकी टीम पहुंच कर कलेक्ट्रेट से महिला को भगाया गया।

# नगर निगम आयुक्त ने किया प्रधानमंत्री आवास गनियारी का दौरा



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा आज प्रात: प्रधानमंत्री आवास गनियारी दौरा कर आवास परिसर के साफ सफाई व्यवस्था का अवलोन किया गया।निगमायुक्त ने परिसर की साफ सफाई व्यवस्था का अवलोकन करने के पश्चात संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि परिसर को साफ स्वच्छ रखने के लिए साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष निगरानी बनाऐ रखे। उन्होंने कहा कि परिसर में निवासरत परिवारो को सूखा एवं गीला कचरा अलग अलग रखने के लिए प्रेरित करे साथ ही यह सुनिश्चित कराये की घरो से निकाले वाला सूखा एवं गीला कचारा निगम के कचरा वाहनो मे ही डाले। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के द्वारा नाले की सफाई व्यवस्था दुरूस्थ करने के भी निर्देश दिये गये । निगमायुक्त ने कहा कि निगम के कचरा वाहन समय पर कालोनियों में पहुचकर कचरा का उठाव करे इस पर विशेष निगरानी रखी जाये। उन्होने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अब कफी कम समय बचा है इसलिए जारूरी है कि सर्वेक्षण में निर्धारित पैरामीटरो पर शत प्रतिशत कार्य किया जाये। तथा इन कार्यो में नगरीय क्षेत्र में निवासरत जनता से भी सहयोग प्राप्त करें। इस दौरान कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, स्वच्छता निरीक्षक विशाल सोनी, सफाई दरोगा अशोक त्रिपाठी, सटीडेल मैनेजर रावेन्द्र सिंह, आईसी मैनेजर आशीष शुक्ला, रोहित चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# नगर निगम वार्ड 36 के पार्षद ने गरीबो को बाटे कम्बल

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड 36 पार्षद प्रेम सागर मिश्रा के द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुच अपर कलेक्टर अरविंद झा के साथ गरीबो को कम्बल का वितरण किया गया। पार्षद ने कहा जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने का कि अभी जिले में कफी ठण्ड पड़ रही ठण्ड के दौरान कोई भी बे सहारा गरीब बिना कम्बल के न रहे उनको ठण्ड न लगे इसी को दृष्टिगत रखते हुये यह कम्बल वितरण किया जा रहा है। कम्बल वितरण के साथ डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, अधिवक्ता अवनीश दुबे, राजेन्द्र दुबे, धर्मेंद्र सिंह सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# हिंडालको महान ने 200 किसानों को वितरित की स्प्रे मशीनें

**सिंगरौली।** हिंडालको महान के सीएसआर विभाग ने उद्यानिकी विभाग के साथ मिलकर क्षेत्रीय किसानों की कृषि प्रथाओं को बेहतर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया। बरैनिया सामुदायिक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 200 किसानों को स्प्रे मशीन और उन्नत किस्म के सब्जी बीज वितरित किए गए। इस अवसर पर हिंडालको बिजनेस के सीएफओ भरत गोयनका,मानव संसाधन प्रमुख डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा,हिंडालको महान के वित्त प्रमुख सुशांत नायक,वार्ड-3 के पार्षद अभिलाष सिंह,सचिव प्रदीप तिवारी,और सीएसआर विभाग से प्रमुख संजय सिंह समेत विजय वैश्य,धीरेंद्र तिवारी,शीतल श्रीवास्तव, बीरेंद्र पाण्डेय, भोला



वैश्य, दीपक भगत,अरविंद वैश्य, जियालाल,संजीव और खलालू उपस्थित रहे। डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंडालको महान का उद्देश्य केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण समुदायों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सशक्त बनाना भी है। यह स्प्रे मशीन भले ही आकार में छोटी हो, लेकिन यह आपकी बागवानी को कीटों से बचाने और उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। हम पहले भी पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार की दिशा में धुआं रहित चूल्हों का वितरण कर चुके हैं, जिससे न केवल महिलाओं को धुएं से राहत मिली, बल्कि कृषि कचरे का सदुपयोग भी संभव हुआ। वही भरत गोयनका ने अपने संबोधन में कहा कि आदित्य बिड़ला ग्रुप का सीएसआर विभाग सदैव समाज की बेहतरी के लिए कार्यरत रहता है। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि व्यापारिक उपलब्धियों के साथ-साथ हम सामाजिक विकास में भी योगदान दें। इस पहल का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना है, ताकि वे मुख्यधारा से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें। हिंडालको महान हमेशा समाज के उन तबकों की मदद के लिए तैयार है, जो विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं। यह कदम उन्हीं के उत्थान की दिशा में एक और प्रयास है।पार्षद अभिलाष सिंह ने हिंडालको महान के सीएसआर विभाग की सराहना करते हुए कहा कि किसानों के लिए इस तरह की पहल सराहनीय है। हिंडालको महान क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। छोटी-छोटी मदद का यह प्रयास किसानों के लिए बड़ा सहारा बनेगा।कार्यक्रम का संचालन सीएसआर विभाग के विजय वैश्य ने किया।

# पार्टी के वरिष्ठों के यहां पहुंच आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन ले रहे हैं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह लगातार पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तथा जनप्रतिनिधियों के यहां पहुंच कर उनका सम्मान कर रहे हैं तथा सभी का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त कर संगठन में नये कलेवर की तैयारी में लगे हुए हैं। सुंदरलाल शाह को जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए एक पखवाड़े से अधिक का समय बीत चुका है किंतु सांगठनिक कार्यों के साथ साथ जिलाध्यक्ष अपने संस्कारित कार्यों में भी पीछे नहीं हैं। जिलाध्यक्ष अपने सरल सहज स्वभाव के लिए



संगठन में जाने जाते हैं इसका उदाहरण ये है कि जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद भी सुंदरलाल शाह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भेंट मुलाकात तथा उनको सम्मानित करने का उनका क्रम लगातार जारी है। जिलाध्यक्ष पिछले सप्ताह भर से लगातार पार्टी के वरिष्ठों तथा जनप्रतिनिधियों के घर घर जाकर उनको शाल श्रीफल भेंटकर उनको सम्मानित किया तथा उनका आभार भी प्रकट किया। पार्टी के समस्त वरिष्ठों ने जिलाध्यक्ष को बधाई दी तथा उनके आगामी कार्यकाल के लिए उचित मार्गदर्शन दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी का जो स्वरूप और व्यापकता हमारे सामने है उसमें इन सभी वरिष्ठों के जीवनकाल का महत्वपूर्ण समय व्यतीत हुआ है। इन सभी वरिष्ठों में जनसंघ के जमाने से पार्टी मे राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाने वाले पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद जगन्नाथ सिंह, पार्टी के जिले में जामवंत कहे जाने वाले पूर्व विधायक रामचरित्र तथा पूर्व मीसा बंदी मानिकराम वर्मा तथा कपिल देव पांडेय आज हम सब के बीच नहीं हैं किंतु उनके योगदान को सिंगरौली कभी विस्मृत नहीं कर सकता इसलिए उनको ये सम्मान तो कुछ भी नहीं है उनका कद इससे भी बहुत ऊंचा है।

# गुमशुदा बालिका को चित्तौड़गढ़ राजस्थान से मोरवा पुलिस ने किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली मनीष खत्री द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली केके पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिंगरौली के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी की टीम के द्वारा 9 माह से गुमशुदा बालिका को दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया। जानकारी मे बताया गया कि बीते 1 मई 2024 को फरियादी उम्र 40 वर्ष निवासी धौरहवा थाना मोरवा का रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी लडकी उम्र 17 वर्ष की घर से बिना बताये कहीं चली गई है रिपोर्ट पर थाना मोरवा में अपक-415/24 धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# तीन दृष्टि बाधित दिव्यांग जनो को विधायक,कलेक्टर एवं एसपी के द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया सुगम्य केन छड़ी

**सिंगरौली।** कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान तीन दृष्टि बाधित दिव्यांग महावीर सिंह, अमोघ सिंह एवं रूचि सिंह निवास ग्राम जीर तहसील माड़ा अपनी माता इंन्द्रवती सिंह के साथ जन सुनवाई कर रहे कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के पास पहुच अपना आवेदन दिए कि हम तीनो भाई बहन देख नही सकते है। कही भी आने जाने के लिए अपनी माँ को साथ लेकर आते जाते है।

कलेक्टर ने दिव्यागजनों को विधिवत अपने पास बैठा कर रेड क्रॉस सोसायटी से



सुगम्य केन मंगवाया जाकर संबंधित दिव्यांगों को देवसर विधान सभा के विधायक राजेंद्र मेश्राम एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री साथ संयुक्त रूप से सुगम्य केन उपलंब्ध कराया गया। साथ ही ठंड को देखते हुये कलेक्टर के द्वारा जन सुनवाई में तीनो दिव्यांगों एक एक नग कम्बल भी उपलंब्ध कराया गया। ज्ञात हो कि सुगम्य कैन एक स्मार्ट कैन छड़ी है जिसे आईआईटी दिल्ली द्वारा निर्मित किया गया है इस केन के माध्यम से दिव्यांगजन को सामने स्थित तीन फीट दूरी तक आने वाले प्रतिरोधों के बारे में वाइब्रेशन के माध्यम से कैन द्वारा सचेत कर दिया जाता है। सुगम्य केन तथा कम्बल मिलने पर तीनो दिव्यांगो ने विधायक, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त करे हुये खुशी खुशी अपने घर की ओर रवाना हुये।

# मृत गाय को कचरा गाड़ी से बांधकर घसीटते रहे सीटाडेल के कर्मचारी

## अमानवीय व्यवहार का वीडियो आया सामने, गौं सेवकों में आक्रोश, कलेक्टर ने मांगा जवाब

**सिंगरौली।** जिले से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आ रही हैं। नगर निगम में एक मृत गाय को कचरा गाड़ी से बांधकर कई किमी दूर तक घसीटते हुए ले जाने का बड़ा मामला सामने आया है. जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है. वीडियो वायरल होने के बाद जहां एक ओर इसकी जमकर निंदा हो रही है. तो वही घटना पर गंभीरता दिखाते हुए कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने सीटाडेल कंपनी को नोटिस जारी कर 2 दिन के भीतर सामने प्रस्तुत होकर जवाब देने के लिए कहा है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 36 तेलगवा निवासी कृष्णा पांडे की गाय की मृत्यु हो गई । जिसके बाद उन्होंने स्वच्छता विभाग की हेल्पलाइन पर सूचना दी। मौके पर पहुंची सीटाडेल कंपनी के कर्मचारियों ने मृत पशु को गाड़ी में लादने की बजाय रस्सी से बांधकर घसीटना शुरू कर दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के बाद गौं सेवकों ने कहा कि कचरा गाड़ी में मृत गाय को घसीटने वाले जिम्मेदारों के इस अमानवीय कृत्य के लिए पशु क्रूरता के तहत मामला दर्ज होना चाहिए। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्त करने का कोई साहस न कर सके। हालांकि सीटाडेल कर्मचारियों द्वारा मृत गाय को कचरा गाड़ी से घसीटते हुए ले जाने की घटना को कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने तत्काल संज्ञान में लिया है. उन्होंने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सफाई का काम कर रही सीटाडेल कंपनी को धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है. और 2 दिन के भीतर जबाव मांगा है।

वीडियो वायरल होने के बाद कंपनी के मैनेजर रविंद्र सिंह ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। हालांकि पिछली परिषद बैठक में भी पार्षदों ने मृत जानवरों के डिस्पोजल को लेकर सफाई कंपनी सीटाडेल पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि कंपनी मृत जानवरों को खुले में फेंक दे रही है जिससे आसपास के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। अब जब मृत जानवर को कचरा गाड़ी में से घसीटने का वीडियो वायरल हो रहा तो कंपनी प्रबंधन अपना मोबाइल बंद कर बचने की नाकाम कोशिश में लगा है।

सिटाडेल कंपनी नगर निगम क्षेत्र में कचरा उठाने और मृत पशुओं को हटाने के लिए हर महीने 1.27 करोड़ रुपये लेती है। इतनी बड़ी रकम लेकर लापरवाही से काम करने पर कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों की माने तो सिटाडेल कंपनी हर महीने लाखों रुपए अधिकारी नेताओं को मैनेज कर सरकारी पैसे का बंदर बांट कर रही है। सफाई के नाम पर मोटी रकम भोपाल के एक मंत्री को भी पहुंच रहीं हैं।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**

**लोक निर्माण विभाग, कोठी रोड, सिविल लाईंस, सीधी (म.प्र.)**

PHONE No. 07822-297539 E-mail:-piusidhi@gmail.com

एन.आई.टी. नं. - 02/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/364 रीवा, दिनांक:-16-01-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_397412_1 | जिला सीधी अन्तर्गत सीधी सिगरौली मार्ग के चौड़ीकरण हेतु पुर्नवास हेतु म.प्र. ई.पी.आई.सी. योजना एम.पी.आर.डी.सी. विभाग अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के भवनो का निर्माण कार्य सह जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सीधी | 339.31 | 339310.00 | 15000 | 12 माह | हां |
| 1 | 2025_PWPIU_397423_1 | जिला सीधी के ब्लाक सिहावल मे हा.से.स्कूल. बघोर मे लैब भवन, 04 नग क्लास रुम एवं सीढी का निर्माण कार्य एवं ब्लाक चुरहट मे माध्यमिक शाला बालक का निर्माण कार्य सह जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सीधी | 140.48 | 140480.00 | 12500 | 10 माह | हां |
| 1 | 2025_PWPIU_397425_1 | जिला सीधी अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यो मे बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु जोनल निविदा (प्रथम आमंत्रण) | सीधी | 49.99 | 50000.00 | 5000 | 12 माह | हां |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।

2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।

3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 20-01-2025 समय 10:00 से दिनांक 03-02-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायँगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-22264/24

कार्यपालन यंत्री ( भवन )
लोक निर्माण विभाग, सीधी

# जागरूकता से ही सायबर अपराधों से बचाव संभव : पुलिस अधीक्षक

## पुलिस तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सायबर धोखाधड़ी के विषय में किया गया जागरूक

### पुलिस अधीक्षक ने प्रचार रथ को झण्डी दिखाकर किया रवाना

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**सीधी।** आम लोगों को सायबर धोखाधड़ी एवं अपराधों से बचाने के लिए पुलिस विभाग तथा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संयुक्त रूप से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान में लोगों को सायबर क्राइम डिजिटल अरेस्ट, आधार वेरीफिकेशन, लोन का दावा, ईनाम का लालच, पुलिस अरेस्ट की धमकी, बैंक की ओटीपी, ईमेल पर लिंक वेरीफिकेशन, फेसबुक हैक होना, रूपये डालने का लालच, निवेश टिप्स, वीडियो कॉल से फ्रॉड के संबंध में तथा बचाव के तरीकों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। सीधी जिले में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के मुख्य आतिथ्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने झण्डी दिखाकर प्रचार रथ को रवाना किया। कार्यक्रम में नुकड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ रवीन्द्र वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में सायबर अपराध पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है। जन जागरूकता के माध्यम से ही इससे बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में डिजिटल तकनीकी को तेजी से विस्तार हुआ है। इसके साथ ही एक समानान्तर डिजिटल वर्ल्ड भी विकसित हुआ है। जहाँ एक ओर तकनीकी ने हमारी जिन्दगी को आसान किया है उसी के साथ नए खतरे भी उत्पन्न हुए है। सायबर अपराधों मे अपराधियों की पहचान करना एक चुनौती भरा काम है। पीड़ित व्यक्तियों को भी यह जानने में समय लग जाता है कि उनके साथ अपराध घटित हुआ



। कई मामलों में अपराधी दूसरे राज्यों और दूसरे देश से इस घटना को अंजाम देते हैं, इसलिए हमको हर समय सचेत रहने की आवश्यकता है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधी हमारे डर और लालच का फायदा उठाकर हमारे साथ धोखाधड़ी करते हैं जिसके कारण पीड़ित को आर्थिक तथा मानसिक क्षति होती है। उन्होंने कहा कि जैसे ही यह आभास हो कि आपके साथ कोई सायबर अपराध हो गया है तत्काल इसकी शिकायत सायबर हेल्पलाइन नं. 1930 एवं एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज करायें। साथ ही अपने नजदीकी थाने या सायबर सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी संपर्क करें। आप जितनी जल्दी शिकायत दर्ज करायेंगे अपराधियों को पकड़ने में उतना ही सहायक होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इसमें बैंकों की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण है। सायबर धोखाघड़ी के मामलों में बैंक पुलिस को पूरा सहयोग करें जिससे पीड़ित व्यक्ति को राहत मिल सके। प्रधान शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक प्रतिमान मिश्रा ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा पुलिस के साथ मिलकर उपभोक्ताओं के बचाव के लिए यह जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बैंक द्वारा कभी भी फोन के माध्यम से ओटीपी या अन्य संवेदनशील जानकारी नहीं मांगी जाती है। न ही फोन के माध्यम से लोन या अन्य सुविधाएं दी जाती है। ऐसे फोन से अत्यन्त सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस प्रकार के कार्यों के लिए बैंक शाखा से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए 18001109 टोल फ्री नम्बर की सुविधा दी है। सायबर धोखाधड़ी होने पर उक्त नम्बर में शिकायत अवश्य दर्ज करायें।

सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग मुकेश मिश्रा ने कहा कि सायबर अपराधों से बचाव के लिए हमें हर समय सतर्क और सचेत रहने की आवश्यकता है। हमारी थोड़ी सी असावधानी हमारे लिए घातक हो सकती है। किसी भी अनजान नम्बर का वाट्सएप वीडियो काल या काल नहीं सुने। स्वयं भी जागरूक हों तथा अन्य लोगो को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में सायबर सेल प्रभारी प्रदीप मिश्रा द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इसके पश्चात् प्रधान प्रबंधक श्री प्रतिमान मिश्रा के नेतृत्व में जिला पंचायत सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नुकड़ नाटक के माध्यम से सायबर अपराधों के विषय में जागरूक किया गया।

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 36 हजार रूपये का ईनाम घोषित

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 36 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि जो भी व्यक्ति आरोपी को गिरफ्तार करेंगा या गिरफ्तारी के लिए ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हो सके इनाम राशि के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। इनाम वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का मान्य होगा। पुलिस अधीक्षक डॉ वर्मा ने बताया कि ग्राम रामनगर कला थाना अमिलिया जिला सीधी के अर्जुन केवट पिता जगदीश केवट की गिरफ्तारी पर 05 हजार रूपये, ग्राम खैरही थाना कोतवाली जिला सीधी के पूजा पाण्डेय पति संजय पाण्डेय की गिरफ्तारी पर 03 हजार रूपये, ग्राम घोपारी थाना अमिलिया जिला सीधी के नील कमल पटेल पिता बालगोविन्द पटेल की गिरफ्तारी पर 03 हजार रूपये, नगर परिषद मझौली थाना मझौली जिला सीधी के श्याम सुंदर गुप्ता पिता तीरथ प्रसाद गुप्ता की गिरफ्तारी पर 05 हजार रूपये, ग्राम भेलकी कला थाना जमोड़ी जिला सीधी के राजेश कोल पिता छोकवा कोल एवं नीतू कोल पति स्व. दिलीप कोल की गिफ्तारी पर 10-10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त के संबंध में अधिक जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी से प्राप्त की जा सकती है।

# कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत जिले के गणेश विद्यालय में किया गया आयोजन

**सीधी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ उमाकांत साहू प्रभारी कॉलेज चलो अभियान, डॉ दिलीप कुमार सोनी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डॉ. गुलाम मोहिउद्दीन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के द्वारा 28.01.2025 को गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी पहुंचकर छात्र- छात्राओं को महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया, संचालित पाठ्यक्रम तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराकर कॉलेज में प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया।

# श्री साईं महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**सीधी।** शहर के मध्य स्थित श्री साईं महाविद्यालय की संचालिका श्रीमती रचना मिश्रा की उपस्थिति में 76वे गणतंत्र दिवस समारोह का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय की संचालिका श्रीमती रचना मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई तथा अपने उद्बोधन में कहा कि यह पर्व हमें देशप्रेम व भाईचारे की भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करने की लिए प्रेरित करता है एवं संविधान में निहित शक्तियों को उल्लेखित किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य इंजी पियूष सिंह ने भारत के अमर सपूतों को स्मरण



करते हुए कहा कि हमारे देश का संविधान जाती, धर्म एवं भाषा के आधार पर भेदभाव किए बिना सभी को समान अधिकार देता है।

महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सहा प्राध्यापक श्रीमती सुमन सिंह, सांस्कृतिक प्रभारी सुश्री मीनाक्षी चतुर्वेदी, सहा प्राध्यापक गौरव मिश्रा, लक्ष्मी शंकर यादव, शुभम शर्मा, श्रुति सिंह, रीता सिंह, प्रियंका गौतम, साक्षी दुबे, अमित साकेत एवं छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन एन एस एस प्रभारी सूरज नामदेव द्वारा किया गया।

# जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 120 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

सीधी

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 120 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा



निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित हितग्राही को सूचित करे।

अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# मारपीट की दो अलग अलग मामलों में न्यायालय ने सुनाई सजा

**सीधी।** बताया गया कि फरियादी रमाकांत पटेल ने पुलिस थाना अमिलिया में उपस्थित होकर इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 16.07.2020 को 9:30 बजे वह अपना ट्रेक्टउर लेकर खेत जोतने जा रहा था, रास्ते में गोपाल पटेल का खेत पड़ता है। वह खेत जोत रहा था तब गोपाल पटेल का लडका रामनिवाज पटेल आकर उसे मा- बहन की बुरी बुरी गाली देने लगा, तब उसने गाली देने से मना किया तो रामनिवाज बोला कि उसके खेत से ट्रैक्टर क्यों निकाले हो, तब रामनिवाज एक लाठी उसके सिर में मारा, सिर फट गया, खून बहने लगा, गिरने के बाद दो तीन लाठी और मारा जिसे उसने हाथ से रोक लिया। हल्ला गुहार करने पर देवेन्द्र प्रसाद पटेल, देवराज पटेल आकर बीच बचाव किये। अभियुक्त रामनिवाज पटेल बोल रहा था कि दुबारा उसके खेत से ट्रेक्टर निकालोगे तो जान से खतम कर देगे। फरियादी की लिखित रिपोर्ट पर से पुलिस थाना अमिलिया जिला सीधी द्वारा अपराध क्रमांक 213/2020 अंतर्गत धारा 294, 323, 506 भारतीय दण्ड संहिता के अधीन प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई एवं विवेचना पश्चा9त् अभियोग पत्र माननीय न्यासयालय सीधी के समक्ष प्रस्तुति किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 1399/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा के द्वारा आरोपी को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्याणयिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपी रामनिवाज पटेल तनय गोपाल पटेल, उम्र 50 वर्ष निवासी चमरौहा, थाना अमिलिया, जिला सीधी म.प्र. को धारा 323 भादवि में दोषी पाते हुए 03 माह के सश्रम कारावास एवं कुल 1,000/- रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

इसीप्रकार मारपीट के एक अन्यव मामले में बताया गया कि फरियादी अशोक यादव ने थाना कोतवाली में मौखिक रिपोर्ट इस आशय की लेख कराई कि दिनांक 10.06.2016 को अपनी दाई को पहुंचाने के लिए गया था दाई को पहुंचाने के बाद बारह एक बजे की बात है चाचा शक्ति यादव के पास पैर छू रहा था तब चाची शकुंतला यादव कहीं की तुम्हारा यहां कुछ नहीं है तो क्यों आते हो, हिस्सा बंटवारा करवाना चाहते हो यह कह कर मां बहन की गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे सब्बर से सिर में मारा, जिससे खून निकल आया है तथा चाची का पक्ष लेकर चाचा ने डंडे से दोनों पैर के जांघ में मारा है जो सूजनदार चोट आई है। झगड़ा मारपीट होते हुए बुआ गीता यादव, बाबू यादव दाई, भिन्नी यादव देखी बीच बचाव किया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली सीधी, जिला सीधी म.प्र. द्वारा अपराध क्रमांक 486/2016 अंतर्गत धारा 294, 323/34 एवं 506 भा.दं.स. पंजीबद्ध कर प्रकरण अन्वेषण में लिया गया एवं विवेचना पश्चांत् अभियोग पत्र माननीय न्याटयालय सीधी के समक्ष प्रस्तुीत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 230/2016 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा के द्वारा आरोपियों को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्यारयिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपीगण शकुंतला यादव पत्नी शक्ति यादव उम्र-20 वर्ष, एवं शक्ति यादव पिता रामप्रसाद यादव उम्र-26 वर्ष, निवासी ग्राम सिरसी थाना कोतवाली जिला सीधी म0प्र0 को धारा 323/34 भादवि में दोषी पाते हुए न्यादयालय उठने तक का कारावास एवं कुल 500/- 500/- रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# उड़ैसा सचिव सुनील सिंह निलंबित

## मारपीट के आरोप में की गई कार्यवाही

**सीधी।** जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत उड़ैसा में पदस्थ सचिव सुनील सिंह को निलंबित कर दिया गया है उनके ऊपर यह कार्यवाही मारपीट की घटना में संलिप्ट पाए जाने के कारण की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी द्वारा जारी आदेश क्रमांक 566/सचिव स्थापना/ जिला पंचायत/ 2025 दिनांक 22/01/ 2025 मैं आदेशित किया गया है कि ग्राम पंचायत उड़ैसा में पदस्थ सचिव सुनील सिंह चौहान द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2025 को प्रकाशित खबर के मुताबिक मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके विरुद्ध जमोडी थाने में दर्ज प्रकरण क्रमांक 43/25 के अंतर्गत धारा 296, 115 (2), 351(2),351(3), भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर तहसीलदार के समक्ष पेश किया गया था जहां से जेल भेज दिया गया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पंचायत सचिव का यह कार्य कर्तव्य निष्ठा के प्रति प्रतिकूल व दंडनीय अपराध है इसलिए मध्य प्रदेश पंचायत सेवा नियम 2011 के नियम 7 के प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायत उड़ैसा तथा अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत कोचिला के सचिव सुनील सिंह को निलंबित कर जनपद पंचायत सीधी में अटैच किया गया है।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का हुआ समापन

### अभियान में जिले के 42 हजार से अधिक हितग्राहियों को मिला लाभ

### नवाचारः हितग्राहियों को वितरित किए गए हितग्राही पात्रता प्रमाण-पत्र

सीधी

प्रदेश के साथ-साथ सीधी जिले में भी गत 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का समापन सोमवार 27 जनवरी 2025 को किया गया। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में कार्यक्रमों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितलाभ का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य



आतिथ्य में हितग्राही सम्मेलन और सफाई मित्रों को किट वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेश स्तरीय मुख्य समारोह इन्दौर से किया गया।

अभियान के दौरान जिले में कुल 472 शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 45 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 95 प्रतिशत आवेदनों को निराकृत करते हुए 42 हजार से अधिक हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा उन्हें निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान की गई। शिविर अवधि में 19 हजार से अधिक हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 70 वर्ष से आयु के अधिक हितग्राहियों के घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। अभियान में प्रसूती सहायता के 236, मातृवंदना योजना के 686, पीएम किसान योजना के 854, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 625, निर्माण श्रमिकों के 7306 पंजीयन तथा 253 हितग्राहियों की अनुग्रह सहायता स्वीकृत की गई है। साथ ही 1500 से अधिक हितग्राहियों को विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन से 962, समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन से 360, राष्ट्रीय नि:शक्तता पेंशन से 158, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना से 14 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना से 80, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना से 61, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से 24 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। पीएम स्वनिधि योजना से 137 तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना से 111 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन तथा सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत प्रत्येक हितग्राही को हितग्राही पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। हितग्राही पात्रता प्रमाण पत्र में शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। यह बताया गया है कि उन्हें किन-किन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा हैं। साथ ही संबंधित सरपंच और सचिव द्वारा उक्ताशय का प्रमाण पत्र दिया जा रहा है कि परिवार का पात्रता अनुसार शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिया जा चुका है तथा कोई भी योजना का लाभ दिया जाना शेष नही है। प्रमाण-पत्र में छात्रों को मिलने वाली सभी प्रकार की छात्रवृत्तियों की जानकारी भी दी गई है।

कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी एवं पदेन उप सचिव म.प्र. राजस्व विभाग

क्रमांक 1162 /भू-अर्जन/2024 सीधी, दिनांक : 25 : 11 :2024

-: अधिसूचना :-

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

-: अनुसूची :-

(1) भूमि का वर्णन -
(क) जिला - सीधी
(ख) तहसील - रामपुर नैकिन
(ग) ग्राम - सरदा
(घ) पटवारी हल्का का नाम व नम्बर - पटना
(ङ.) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल - रकवा 0.958 हे0

| क्र. | खसरा नम्बर | कुल रकवा हे0 में | पूर्व में अर्जित रकवा हे0 में | अर्जित रकवा हे0 में | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 364/2 | 1.210 | 0.945 | 0.945 | अजेन्द्र देशिक पिता राजेन्द्र प्रसाद |
| 2 | 363 | 0.020 | 0.013 | 0.013 | अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट सीधी सीमेन्ट वर्क्स मझिगवां, जिला सीधी |
| कुल योग | | 0.270 | 0.272 | 0.958 | |

भूमि का नक्शा (प्लान) उपखण्ड अधिकारी चुरहट/रामपुर नैकिन के कार्यालय में देखा जा सकता है।

म.प्र. राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(स्वरोचिष सोमवंशी)
कलेक्टर एवं पदेन
उप सचिव म.प्र. शासन
राजस्व विभाग

जी-22318/24

## संपादकीय

आयुध फैक्ट्रियों में लापरवाही का विस्फोट , कब थमेगा सिलसिला?

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक हथियार फैक्ट्री में हुआ हादसे से यही रेखांकित हुआ है कि बार-बार होने वाली ऐसी दुर्घटनाओं के बावजूद लापरवाही बदस्तूर कायम है और इसकी वजह से बड़े पैमाने पर जानमान का नुकसान हो रहा है। गौरतलब है कि आयुध कारखाने के दीर्घकालिक योजना वाले हिस्से में अचानक एक बड़ा धमाका हुआ, जिसमें सेना के इस्तेमाल के लिए आरडीएक्स और अन्य बेहद संवेदनशील विस्फोटक तैयार किए जाते हैं। इसकी तीव्रता और असर का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जिस इमारत में धमाका हुआ, वह पूरी तरह नष्ट हो गई। इस हादसे में कम से कम आठ लोगों के मारे जाने की खबर आई और तेरह-चौदह लोगों के फंसे होने के आशंका है। ऐसी जगहों पर बचाव अभियान चलाना भी बेहद संवेदनशील मामला होता है, क्योंकि कभी भी किसी हथियार में विस्फोट और ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका बनी होती है। विचित्र है कि आयुध निर्माण के दौरान के जोखिम से वहां का प्रबंधन परिचित होगा, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी नहीं समझा गया कि कोई भी ऐसी चूक न हो, जो बड़े नुकसान का कारण बन जाए। ऐसा नहीं कि भंडारा के आयुध कारखाने में विस्फोट कोई पहली घटना है। आए दिन देश के अन्य हथियार बनाने वाले कारखानों में ऐसे हादसे सामने आते रहे हैं। खुद भंडारा की इसी फैक्ट्री में करीब एक वर्ष पहले विस्फोट हुआ था। अफसोसनाक यह है कि इसके बावजूद वहां सावधानी बरतने की व्यवस्था नहीं की गई। जबकि किसी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि उसके बाद उन तमाम बातों और बारीकियों का खयाल रखा जाए, उन पर रत्ती भर भी लापरवाही न बरती जाए, जिससे उस तरह की घटना दोबारा होने से रोका जा सके। मगर विडंबना यह है कि न केवल दूसरी जगहों पर हुई समान घटनाओं को उदाहरण मान कर सावधानी नहीं बरती जाती, बल्कि एक ही जगह के वैसे हादसों के बाद भी प्रबंधन की नींद नहीं खुलती और सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं की जाती। नतीजतन, ऐसे हादसे बार-बार होते और नाहक ही जानमाल का नुकसान होता रहता है।

**आतंरिक तौर पर देखें तो राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े में इतना साहस भी नहीं हो सका कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से हटाना तो दूर बल्कि कारण बताओ नोटिस तक जारी कर सकें। दरअसल कांग्रेस को अंदाजा है कि यदि सिद्धारमैया से कुछ भी पूछा गया तो विद्रोह की नौबत आ जाएगी। ऐसे में कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही सही समझा। कांग्रेस को शायद यह बात समझ में नहीं आई कि उसकी चुप्पी ही उसे अपराधी बना रही है। यही वजह है कि भाजपा ने विगत चुनावों में भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कांग्रेस की बखिया उधड़ने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।**

# मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर कांग्रेस चुप क्यों

(योगेंद्र योगी)

दरअसल कमजोर होती कांग्रेस में इतने क्षत्रप पनप गए हैं कि पार्टी चाह कर भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। ऐसे में भ्रष्टाचार हो या पार्टी विरोधी गतिविधियां, कांग्रेस खिसकते जनाधार के कारण यह जहर पीने को मजबूर हो गई है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी की तरह झूठे वादे करते हैं। केजरीवाल ने कहा था कि भ्रष्टाचार मिटाएंगे लेकिन क्या दिल्ली में भ्रष्टाचार हटा क्या? अडानी पर भी केजरीवाल कुछ भी नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी ने जब केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए उसी समय कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले के संबंध में 300 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाली 142 अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया। ईडी के बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत इन संपत्तियों को जब्त किया। ईडी के अनुसार, ये संपत्तियां विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत हैं जो रियल एस्टेट व्यवसायी और एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। ईडी ने लोकायुक्त पुलिस मैसूर द्वारा भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

आतंरिक तौर पर देखें तो राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े में इतना साहस भी नहीं हो सका कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से हटाना तो दूर बल्कि कारण बताओ नोटिस तक जारी कर सकें। दरअसल कांग्रेस को अंदाजा है कि यदि सिद्धारमैया से कुछ भी पूछा गया तो विद्रोह की नौबत आ जाएगी। ऐसे में कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही सही समझा। कांग्रेस को शायद यह बात समझ में नहीं आई कि उसकी चुप्पी ही उसे अपराधी बना रही है। यही वजह है कि भाजपा ने विगत चुनावों में भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कांग्रेस की बखिया उधड़ने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

दरअसल कमजोर होती कांग्रेस में इतने क्षत्रप पनप गए हैं कि पार्टी चाह कर भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। ऐसे में भ्रष्टाचार हो या पार्टी विरोधी गतिविधियां, कांग्रेस खिसकते जनाधार के कारण यह जहर पीने को मजबूर हो गई है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसका उदाहरण हैं। सरेआम पार्टी के निर्णयों की उपेक्षा करने के बावजूद कांग्रेस गहलोत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। इसी तरह सचिन पायलट भी पार्टी खुल कर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे, किन्तु



कांग्रेस उनकी तरफ से भी आंखे फेरे रही है। गहलोत और पायलट के अंदरूनी सता संघर्ष का ही नतीजा रहा कि कमजोर कांग्रेस राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकी और करारी शिकस्त खाने को मजबूर हुई।

कांग्रेस में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने वाले सिद्धारमैया अकेले नेता नहीं हैं। पार्टी में नीचे से लेकर शीर्ष तक नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी कई भाषणों में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के जमानत पर बाहर होने पर चुटकी भी लेते रहे हैं। संसद के सत्र के दौरान जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले हैं तो गिरफ्तार क्यों नहीं करते, तब पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा था- जमानत पर हैं तो एन्जॉय करिए। इसी तरह कांग्रेस मौके-बेमौके ऐसे मुद्दें पर उपहास का पात्र बनती रही है। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती है। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी का आरोप है कि यह सब कुछ दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस की 16 सौ करोड़ रुपये की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए किया गया।

वर्ष 2013 में अगस्ता वेस्टलैंड वीआइपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला में सीबीआई और दूसरी केंद्रीय एजेंसियां अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। राजस्थान में एंबुलेस घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट भी आरोपी हैं। ये मामला 2010 से लेकर 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का है। ईडी अब तक 12 करोड़ की संपत्तियां आरोपियों से जब्त कर चुकी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने छापेमारी की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी।

आश्चर्य यह नहीं है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं, बल्कि लगाने वाले ने अपनी पार्टी की गिरेबां में झांक कर नहीं देखा। आकंठ तक भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कांग्रेस के मुंह से भ्रष्टाचार शब्द भी अब बेजान हो गया है। कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान भ्रष्टाचार के काले कारनामों से रंगा हुआ है। कांग्रेस यदि आज देश में लगातार सिमटती जा रही है तो उसका प्रमुख कारण भ्रष्टाचार में लिप्त होना है। भाजपा के बाद देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस अपने दामन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर दोमुंही बातें करती रही है। यह निश्चित है कि जब तक कांग्रेस भ्रष्टाचार को लेकर कथनी और करनी के फर्क को नहीं मिटाती तब तक देश के मतदाताओं का पूरा भरोसा नहीं जीत सकती। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

# साहित्य और संस्कृति के अनूठे विद्वान विद्यानिवास मिश्र

**विद्यानिवास जी ने लेखन की शुरुआत बृजभाषा की कविता से की थी। बाद में उन्होंने कुछ कहानियां भी लिखीं और फिर ललित निबंध लिखने का फैसला किया। उनके व्यक्तित्व का एक खास पहलू यह भी है कि उनके दिल में किसी के लिए कभी मलाल नहीं रहा। उस दौर में प्रगतिशील लेखक संघ व इप्टा जैसे संगठन साहित्य व कला की सभी विधाओं पर नियंत्रण करते थे। विद्यानिवास जी को तब परंपरावादी और संकीर्णतावादी जैसे शब्दों से उपेक्षित किया जाता था, पर उन्होंने किसी के प्रति कोई शिकायत नहीं की।**

(अच्युतानंद मिश्र)

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 1926 में जन्मे पंडित विद्यानिवास मिश्र का जन्म-शताब्दी वर्ष शुरू हो चुका है। शताब्दियां आमतौर पर उन्हीं महापुरुषों को प्रासंगिक बनाने के लिए मनाई जाती हैं, जिन्होंने देश और समाज के लिए विशिष्ट योगदान दिया हो। विद्यानिवास जी ऐसे ही महापुरुष थे, जिन्होंने पत्रकारिता, साहित्य, समाज, शिक्षा, इतिहास, कला- सभी में अविस्मरणीय योगदान किया।

वह एक ऐसी मुखर हस्ती थे, जिनकी शब्दावली तो साहित्यकार की थी, पर उनके साहित्य का लगभग 80 प्रतिशत लेखन ललित निबंध की शैली में हुआ है, जो साहित्यिक पत्रकारिता की एक शैली है। पंडित रामचंद्र शुक्ल, डॉ हजारी प्रसाद द्विवेदी, डॉ कुबेरनाथ राय जैसे देश के कई साहित्यकारों ने इसी शैली में रचनाएं की हैं। राधा माधव रंग रंगी, मेरे राम का मुकुट भीग रहा है, छितवन की छांह, बंजारा मन, तुम चंदन हम पानी जैसे उनके ललित निबंध संग्रह आज भी पढ़े जाते हैं। विद्यानिवास जी ने अपने दौर के कमोबेश सभी प्रतिष्ठित साहित्यिक मनीषियों के साथ काम किया। राहुल सांकृत्यायन से लेकर अज्ञेय, पंडित सोहनलाल द्विवेदी, रामधारी सिंह दिनकर, अमृतलाल नागर जैसे कई नाम हैं, जिनसे उनका निकट संपर्क था। डॉ नर्मदा प्रसाद उपाध्याय की किताब रस-पुरुष पंडित विद्यानिवास मिश्र उनके कला पक्ष की मर्यादा और संवेदनशीलता का बखूबी बयान करती है।

विद्यानिवास जी ने लेखन की शुरुआत बृजभाषा की कविता से की थी। बाद में उन्होंने कुछ कहानियां भी लिखीं और फिर ललित निबंध लिखने का फैसला किया। उनके व्यक्तित्व का एक खास पहलू यह भी है कि उनके दिल में किसी के लिए कभी मलाल नहीं रहा। उस दौर में प्रगतिशील लेखक संघ व इप्टा जैसे संगठन साहित्य व कला की सभी विधाओं पर नियंत्रण करते थे। विद्यानिवास जी को तब परंपरावादी और संकीर्णतावादी जैसे शब्दों से उपेक्षित किया जाता था, पर उन्होंने किसी



के प्रति कोई शिकायत नहीं की। इसी तरह का मेरा एक अनुभव है 1992 का। उस समय वह दिल्ली के एक अग्रणी अखबार में संपादक बनाए गए थे और मैं कानपुर में किसी अन्य अखबार में बतौर संपादक अपनी सेवा दे रहा था। तो, एक दिन उन्होंने मुझे भी बुला लिया। यहां मैंने देखा कि ट्रेड यूनियन उनसे वैचारिक मतभेद रखता है, पर विद्यानिवास जी स्पष्ट थे कि यूनियन के विरोध की कोई जरूरत नहीं, एक दिन ये लोग खुद सुधर जाएंगे।

अज्ञेय, धर्मवीर भारती जैसे अपने प्रिय रचनाकारों और गणेश शंकर विद्यार्थी व पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी जैसे वरिष्ठों के सहारे उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में बड़े-बड़े काम किए। उनकी पहुंच साहित्येत्तर क्षेत्रों और राजनीति में भी थी। वह डॉ राम मनोहर लोहिया के मित्र थे। लोहिया जी उनसे हर प्रसंग पर चर्चा करते थे। अटल बिहारी वाजपेयी का भी इसी तरह का साथ उन्हें मिला। जय प्रकाश नारायण और आचार्य कृपलानी भी उनके लिए आदरणीय थे। गांधी और उनके प्रयोग उनको प्रिय थे। उन्होंने बड़े-बड़े लोगों से बड़े-बड़े काम करवाए। ऐसा ही एक उदाहरण कलकत्ता के विद्वान लेखक पंडित कृष्ण बिहारी मिश्र से जुड़ा है। उन्होंने मुझे बताया था, एक बार विद्यानिवास जी उनके घर आए और दक्षिणेश्वर चलने को कहने लगे। यहीं पर रामकृष्ण परमहंस का मठ है। यहां पहुंचकर उन्होंने कृष्ण बिहारी मिश्र से कहा, मैं इसलिए आपको यहां लाया, क्योंकि आप काफी अच्छा ललित निबंध लिखते हैं। अब आप स्वामी रामकृष्ण परमंहस की ऐसी जीवनी तैयार कीजिए, जो तथ्यपूर्ण हो। कृष्ण बिहारी मिश्र ने कल्पतरु की उत्सव लीला नाम से यह जीवनी लिखी, जिस पर ज्ञानपीठ ने कलकत्ता जाकर उन्हें सम्मानित किया।

यहां गंगा तट से भूमध्यसागर तक (भारत और यूरोप की संस्कृतियों के मध्य संवाद) का जिक्र जरूरी है। इसकी भूमिका में लिखा गया है, 'यहां जो 'संवाद' प्रस्तुत किया जा रहा है- उसमें स्पेन के विद्वान-लेखक कैटलन, वार्सिलोना के पोम्पेऊ फैब्रा विश्वविद्यालय के अध्यापक रॉफेल अरगुलॉइ तथा पंडित विद्यानिवास मिश्र के बीच सूक्ष्म गहन वैचारिक संवाद का रूप-स्वरूप प्रस्तुत है। प्रो अरगुलॉइ पश्चिम के मौलिक अवधारणाओं के संपन्न विचारक रहे हैं और पंडित विद्यानिवास मिश्र हमारी लंबी वैचारिक-परंपरा को गहराई से मथने-समझने वाले अद्भुत मनीषी साधक तपस्वी।' आज उनके योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराना और जोड़ना जरूरी हो गया है। ( वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व संपादक है, ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5626



संकेत: बाएं से दाएं

1. 1967 को यह देश ब्रिटेन से आजाद हुआ (3)
3. दयालु, कृपालु, ईश्वर का एक नाम (4)
6. कोई बात धीरे से कान के पास आकर कहना, फुसफुसाहट (4)
8. विभावरी, रजनी, निशा, रात्रि (2)
10. नासमझ, भोला (3)
11. आर.के.बैनर की बरसात फिल्म से अपना सरगमी सफर शुरू करने वाली जोड़ी में से एक (5)
14. शरारती, अति चंचल, उपद्रवी (4)
17. लालू यादव वाली पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
19. मवेशी, पशु, शम्मी कपूर राजश्री, राजेंद्र नाथ, पृथ्वीराज कपूर आदि की भूमिकाओं वाली सफल फिल्म (1965)(4)
20. अंक, क्रोड, गोद, बगल (3)
21. घोड़े पर खेला जाने वाला गेंद बल्ले का खेल, पोलो (3)

संकेत: ऊपर से नीचे

1. राजकुमार, राजपुत्र, राजकुंवर (4)
2. लुटेरों द्वारा किया गया धावा कर माल, असबाब की लूट (2)
3. किसी जले या फटे हुए कपड़ों को धागा भरकर उसे बंद करना (2)
4. सुंदर स्त्री, रूपवती, सुंदरी (3)
5. दृगंचल, पलक (5)
7. अभियोग, मुकदमा (3)
9. निश्चित किया हुआ, निर्णीत (2)
12. अल्प वयस्क होने की अवस्था (5)
13. जो रिश्ते में पति की बहन हो (3)
15. यह मध्यप्रदेश के अंचल पश्चिमी निमाड़ का एक जिला है (4)
16. नमाज की सूचना के शब्द जो पुकारे जाते है (3)
18. धन-संपत्ति, स्वर्ण, दौलत, वृद्धावस्था, संपत्ति (2)
20. पुरानी फिल्मों के एक प्रसिद्ध हास्य अभिनेता (निधन 30 अप्रैल 1992) इनका बेटा भी प्रसिद्ध निर्देशक-अभिनेता (दिवंगत) रह चुका है (2)

### वर्ग पहेली 5625 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | ल | बि | हा | री | | म |
| दा | | ता | ज | | त | ला | क |
| ल | दु | | ली | ल | ना | | स |
| त | | मा | | | | प | द |
| | स | | र | ह | म | त | |
| सौ | पा | न | | रा | ज | न | |
| म | | ज | | र | मा | | स्थे |
| | न | फ | र | त | | शा | न |

# गुरु क्यों जरूरी



(श्री श्री पं. रविशंकर)

एक बार दरवाजे के अंदर आ जाने पर तुम सब कुछ गुरु की दृष्टि से देखोगे। इसका अर्थ क्या है? हर परिस्थिति का सामना करते हुए तुम यह सोचते हो कि इस स्थिति में गुरु क्या करते? यदि कोई गुरु जी को दोष देता, तो वह क्या करते? इस संसार को गुरु की दृष्टि से देखो, तो यह संसार अधिक सुंदर लगेगा। यह मलिन नहीं, बल्कि प्रेम, आनंद, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण दिखेगा। गुरु के द्वार के बाहर देखने पर भय नहीं होगा।

घर के अंदर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा और कड़ी धूप को देखोगे। भीतर तुम्हारे लिए वातानुकूलित व्यवस्था है, शीतल और शांत। बाहर गर्मी और अशांति है, पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता को नहीं छीन सकता। ऐसी सुरक्षा की अनुभूति होती है, ऐसी पूर्णता का आभास, ऐसा आनंद तुम्हें गुरु के घर में मिलता है। यही है गुरु का उद्देश्य।

संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। सभी संबंध टूट सकते हैं, फिर जुड़ सकते हैं और फिर टूट सकते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है। इसलिए गुरु के सान्निध्य का अनुभव करो। उसे अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं, 'उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा; वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं।' गुरु एक शाश्वत अस्तित्व है। शाश्वत अस्तित्व असीम है- विराट, अनंत, सर्वव्यापी और संपूर्ण। और जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है।

# आज का राशिफल

### मेष

करियर में लाभ के योग हैं। सरकार से सम्मान मिल सकता है। आपको परिवार से जुड़े आर्थिक मामलों में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। बैंक से लोन लेने का विचार कर सकते हैं, जिससे तरक्की मिलेगी। पुराने और नए दोस्तों से मदद मिलेगी। पत्नी के परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। दिन काफी अच्छा रहेगा।

### वृष

आज दिन व्यस्त रहेगा। भागदौड़ की वजह से थकान हो सकती है। अच्छी निर्णय क्षमता से फायदा होगा और तरक्की मिलेगी। रुके हुए काम पूरे होंगे और भाग्य का साथ मिलेगा। किसी काम में निवेश करने का मौका मिले तो जरूर करें, आगे चलकर फायदा होगा।

### मिथुन

आज सावधान रहना होगा। फिजूलखर्ची से बचें। सामाजिक काम में बाधा आ सकती है और अपने कार्य पूर्ण करने के लिए आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और योजनाएं सफल होंगी।

### कर्क

आज दिन बहुत अच्छा रहेगा। मेहनत का अच्छा फल मिलेगा और ऑफिस में काम की तारीफ होगी। बच्चों की तरक्?की को देखकर आपको काफी खुशी होगी। ननिहाल पक्ष से लाभ होगा और व्यापार में मुनाफा बढ़ेगा।

### सिंह

आज दिन मिला-जुला रहेगा। किसी कारण से मन उदास रह सकता है और जरूरी काम अधूरे रह सकते हैं। माता-पिता के सहयोग से नए अवसर मिल सकते हैं। ससुराल पक्ष से नाराजगी या विवाद हो सकता है। मीठी बातों से संबंधों में कड़वाहट को दूर रखें।

### कन्या

आज दिन सुख-समृद्धि से भरा रहेगा। बिना डरे सभी काम पूरे करेंगे। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। फिजूलखर्ची और भागदौड़ हो सकती है। दूसरों के काम पूर करने के लिए भी काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

### तुला

आज दिन शुभ रहेगा। धन-संपत्ति में लाभ होगा। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने का मन करेगा। गुरु का सम्मान करें, इससे कोई नुकसान नहीं होगा। लाभ और तरक्की मिलेगी। नए काम में निवेश करने से फायदा होगा।

### वृश्चिक

आज दिन परेशानी भरा हो सकता है। मन अशांत रहेगा। व्यापार बढ़ाने के प्रयास सफल नहीं होंगे। शाम तक मन करेगा कि करियर को लेकर कोई बड़ा फैसला कर ही डालें। धैर्य और प्रतिभा से लाभ होगा और तरक्की मिलेगी।

### धनु

आज दिन शुभ है। विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी। दान-पुण्य करने का मन करेगा। भाग्य का साथ मिलेगा और तरक्की होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शाम से रात तक भागदौड़ और खर्चा हो सकता है। सावधान रहें और खानपान का ध्यान रखें।

### मकर

आज भाग्य का साथ मिलेगा। कीमती चीजें मिल सकती हैं। जरूरी खर्चे भी करने पड़ सकते हैं। ससुराल पक्ष से सम्मान मिलेगा। व्यापार में मन लगेगा और रुके हुए काम पूरे होंगे। नए काम में निवेश करने से फायदा होगा और तरक्की मिलेगी।

### कुंभ

आज दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आपको अपनी योजना में सफलता मिलेगी। कोई महत्वपूर्ण काम जो आपका काफी समय से अटका हुआ था वह पूरा हो सकता है। जो लोगो नौकरी की तलाश में हैं उनको कामयाबी मिलेगी। आप आयात निर्यात के काम में भी सफलता पाएंगे।

### मीन

आज मंगलवार का दिन मंगलकारी होगा। आपको अपने सभी प्रयास में आज सफलता मिलेगी। दिन की अपेक्षा दोपहर के बाद का समय आपके लिए अधिक फलदायी होगा। आपका सरकारी क्षेत्र से संबंधित काम बनेगा। प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलने का भी योग बना है।

### संक्षिप्त समाचार

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव में एकला चलो की राह पर उद्धव सेना, मुंबई में लड़ेगी अकेले



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) स्थानीय निकाय चुनावों में एकला चलो की राह पकड़ती नजर आ रही है। राज्यसभा सांसद और सीनियर नेता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी मुंबई में अकेले चुनाव लड़ेगी। मगर, दूसरे शहरों को लेकर फैसला अभी तक नहीं हुआ है। यह निर्णय पार्टी की ताकत के आधार पर लिया जाएगा। संजय राउत ने कहा, पार्टी के पास मुंबई में अच्छी-खासी ताकत है। स्थानीय नेताओं का इस बात पर जोर है कि पार्टी को बीएमसी चुनाव अकेले लड़ना चाहिए। इसे देखते हुए हमने मुंबई में बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने का मन बनाया है। जहां तक अन्य स्थानीय निकायों का सवाल है तो हम मौजूदा स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। संजय राउत ने कहा कि हमारी पार्टी किस सीट पर अकेले लड़ेगी और कहां पर गठबंधन होगा, इस संबंध में चर्चा जारी है। फिलहाल, मुंबई में अकेले लड़ने का फैसला लिया गया है। इससे पहले, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने संकेत दिया था कि उनकी पार्टी आगामी स्थानीय निकाय चुनाव अपने दम पर लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकर्ता इसके लिए उत्सुक हैं और वह उचित समय पर इस पर निर्णय लेंगे। उन्होंने भाजपा को कम से कम एक चुनाव मतपत्रों से कराने की चुनौती दी। शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की 99वीं जयंती पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वह सभी नगर निगमों में पार्टी के कार्यकर्ताओं से बात कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि पार्टी आगामी स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़े। उन्होंने कहा, 'क्या आप देशद्रोहियों को उनकी जगह दिखाने के लिए तैयार हैं? अभी चुनावों की घोषणा होनी बाकी है। मुझे अपनी तैयारियां देखने दीजिए और मैं आपकी इच्छा के अनुसार निर्णय लूंगा। मैं उचित समय पर निर्णय लूंगा।' ठाकरे का यह बयान पार्टी नेता संजय राउत की उस घोषणा के कुछ दिन बाद आया जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी। इस कदम से विपक्षी खेमे की एकता पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है।

## कोलकाता एसटीएफ ने हथियारों के साथ यूपी के पांच लोग पकड़े

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के सियालदह इलाके में एसटीएफ ने उत्तर प्रदेश के पांच लोगों को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने सोमवार को मुचिपारा पुलिस थाना क्षेत्र में सुरेंद्रनाथ महिला कॉलेज के पास से आरोपियों को पकड़ा। वे किसी अपराध को अंजाम देने के लिए शहर में थे। मामले की जांच चल रही है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों पास से दो हथियार और 15 राउंड गोला बारूद जब्त किया।

## मणिपुर में दो उग्रवादी पकड़े गए

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के थौबल और इंफाल पश्चिम जिलों में अलग-अलग अभियानों में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनगानबा) के एक सदस्य को सोमवार को थौबल में वेथौ-थियाम आईवीआर से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान सपम पाइखोम्बा मैतेई (26) के रूप में हुई। उसके पास से एक वायरलेस हैंडसेट और छह 9 मिमी लाइव राउंड जब्त किए गए। इसके अलावा प्रतिबंधित केसीपी (एमएफएल) के एक 32 वर्षीय सदस्य सैमोम डेविडसन मैतेई उर्फ लोया को इंफाल पश्चिम जिले के थोंगजू पेचुलमपाक पुखरी से गिरफ्तार किया गया। उस पर सिंगजामेई-थोंगजू क्षेत्र और उसके आसपास स्थित दुकानों के मालिकों से जबरन वसूली करने का आरोप था।

## अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल शेयर करेंगे मंच, 30 जनवरी को मिलकर करेंगे रोड शो

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चुनावी जंग जारी है। इस चुनावी जंग के बीच ही अब नया मोड़ आ गया है। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार करेगी। समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) पहले ही दिल्ली में सत्तारूढ़ आप को अपना समर्थन दे चुके हैं। आम आदमी पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 30 जनवरी को रिठाला विधानसभा क्षेत्र में एक साथ रोड शो करेंगे। सपा प्रमुख यादव के साथ पार्टी के कई सांसद भी आप के लिए प्रचार करेंगे। आप ने बताया कि कैराना से सांसद इकरा हसन भी विधानसभा चुनाव में आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस और आप, दोनों पार्टियां जो कि भारत गठबंधन का हिस्सा हैं, ने दिल्ली में 2024 का लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ा था।

# केजरीवाल पर मानहानि का दावा करेगी हरियाणा सरकार

### सीएम नायब सैनी बोले- मानसिक संतुलन खो चुके अरविंद, जनता से तुरंत मांगे माफी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा सरकार दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर मानहानि का दावा करेगी. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कड़े शब्दों में कहा कि अरविंद केजरीवाल को हरियाणा और दिल्ली की जनता से तुरंत माफी मांगनी चाहिए, अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो हरियाणा सरकार उन पर मानहानि का दावा पेश करेगी. हरियाणा के सीएम ने केजरीवाल से पूछे सवालः मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि केजरीवाल ने कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियरों ने पानी को दिल्ली आने से रोक दिया, उन्हें पता लगा कि इसमें जहर है. सीएम नायब सैनी ने अरविंद केजरीवाल से पूछा कि इंजीनियरों ने किस तरह निष्कर्ष निकाला कि इसमें (यमुना में) जहर है? केजरीवाल बताएं कि कौन सा जहर डाला गया? कितने टन जहर डाला गया? फिर बॉर्डर पर पानी को कैसे रोका? कोई दीवार बनाई? कहां बनाई? अगर पानी जहरीला था, तो उस जहरीले पानी से कितनी मछलियां मरी।



**मानसिक संतुलन खो चुके केजरीवालः** सीएम नायब सैनी ने कहा घटिया और झूठ की राजनीति करने के मामले में अरविंद केजरीवाल का कोई सानी नहीं है. केजरीवाल ने उस माटी का अपमान किया. जहां वो पैदा हुए. हरियाणा के लोग यमुना को पवित्र नदी मानते हैं और इसकी पूजा करते हैं, हरियाणा के लोग भला नदी के पानी में जहर क्यों मिलाएंगे? अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2020 में झूठा वादा किया था कि अगर यमुना को दूषित होने से नहीं बचाया, तो कभी वोट नहीं मांगूंगा. अब चुनाव में संभावित हार को देखकर केजरीवाल ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है.

**अरविंद केजरीवाल पर मानहानि का केस करेगी हरियाणा सरकारः** सीएम नायब सैनी ने सख्त लहजे में कहा कि अरविंद केजरीवाल हरियाणा और दिल्ली की जनता से तुरंत माफी मांगे. वरना हम उनके खिलाफ मानहानि का दावा करेंगे.

**श्रुति चौधरी का पलटवारः** यमुना नदी पर अरविंद केजरीवाल के बयान पर हरियाणा की महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा ऐसे बयान सुनने के बाद ऐसे नेता को लोगों को हटा देना चाहिए। यह बहुत ही गैरजिम्मेदाराना बयान है और इससे अराजकता फैलने की संभावना है. यमुना का पानी हथिनीकुंड बैराज से वजीराबाद बैराज तक 220 किलोमीटर की दूरी तय करता है. इसमें प्रदूषण का स्तर 2-3 मिलीग्राम/लीटर है, जो शून्य के बराबर है.

**माफी मांगे अरविंद केजरीवालः** श्रुति चौधरी ने कहा वजीराबाद तक हरियाणा की भूमिका समाप्त हो जाती है. दिल्ली सरकार दूषित पानी वापस हरियाणा भेजती है. जिसे फिर पलवल, फरीदाबाद और मेवात जिलों में भेजा जाता है. केंद्र ने यमुना की सफाई के लिए दिल्ली सरकार को 8000 करोड़ रुपये आवंटित किए और उन्होंने कुछ नहीं किया. अब वे लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं. ऐसा बयान बेहद शर्मनाक है और उन्हें दिल्ली और हरियाणा के लोगों से माफी मांगनी चाहिए. दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पांच फरवरी को होने वाले मतदान में चंद दिन बचे हैं. सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी को कड़ी टक्कर देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने बीते दिनों अपना संकल्प पत्र जारी कर मतदाताओं के सामने वादों की बौछार लगा दी. तो आज आम आदमी पार्टी ने भी दिल्ली की जनता को केजरीवाल की 15 गारंटी के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी किया है. कुल मिलाकर राजनीतिक दलों द्वारा अलग-अलग वर्ग के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कवायत जारी है.

देश की राजधानी में आजादी के बाद पंजाबी समुदाय का कभी दबदबा था. आज भी दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से 8 सीटों पर पंजाबी समुदाय के मतदाता जीत और हर को प्रभावित करने में सक्षम हैं. तिलक नगर, कृष्णा नगर, राजौरी गार्डन आदि पंजाबी बहुल सीटें हैं. केंद्रीय गृह मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने दो दिन पहले राजौरी गार्डन विधानसभा में एक सभा को संबोधित किया. वहां पंजाबी समुदाय के लोगों की तादाद अच्छी है. पार्टी ने इस बार मनजिंदर सिंह सिरसा को उम्मीदवार बनाया है. उन्होंने अपने संबोधन में आम आदमी पार्टी की विफलताओं को तो गिनाया ही, साथ ही दिल्ली के बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार की विफलताओं को गिनाया.

## भाजपा को 87 फीसदी अधिक चंदा, लेकिन चुनावी बॉण्ड में लग गया झटका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भाजपा को पिछले साल के मुकाबले 87 परसेंट अधिक चंदा मिला है। यह रकम 3,967.14 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू गई है। हालांकि चुनावी बॉण्ड के मामले में भाजपा को झटका लगा है और इससे मिलने वाला चंदा घटकर आधा रह गया है। यह जानकारी 2023-24 की भाजपा की सालाना ऑडिट रिपोर्ट से मिली है। चुनाव आयोग ने सोमवार को यह रिपोर्ट प्रकाशित की। वहीं, कांग्रेस ने भी चंदे के मामले में अच्छी खासी छलांग लगाई है। कांग्रेस को 2022-23 की तुलना में 320 फीसदी अधिक चंदा मिला है। चुनावी बॉण्ड के मामले में भी कांग्रेस फायदे में है। इसके मुताबिक सत्तारूढ़ दल को मिले स्वैच्छिक योगदान में भी जबर्दस्त इजाफा हुआ है। यह साल 2022-2023 में मिले 2,120.06 करोड़ रुपए से बढ़कर 2023-2024 में 3,967.14 करोड़ रुपए हो गया। इलेक्टोरल बॉण्ड्स के रूप में भाजपा को 1,685.62 करोड़ रुपए मिले हैं, जो कुल चंदे का 43 फीसदी है। वहीं, साल 2022-23 में पार्टी को इलेक्टोरल बॉण्ड्स से 1,294.14 करोड़ मिले थे, जो कुल चंदे का 61 फीसदी था। गौरतलब है कि पिछले साल फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉण्ड्स को असंवैधानिक बताते हुए इसे खत्म कर दिया था। लोकसभा चुनाव के साल में भाजपा ने पैसे खर्च भी खूब किए हैं। पिछले साल पार्टी ने 1,092.15 करोड़ की रकम खर्च की थी। वहीं, इस साल पार्टी ने 1,754.06 करोड़ रुपए खर्च किए। इसमें से 591.39 करोड़ रुपए विज्ञापनों और प्रचार पर खर्च किए गए।

## टेंपो में ले जा रहे थे गाय-बछड़ा; भीड़ ने रोका और तस्कर बताकर पीटा, एक की मौत

**पलवल, एजेंसी।** हरियाणा के पलवल जिले में भीड़ की ओर से एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या का मामला सामने आया है। मित्रोल गांव में हुई इस घटना को लेकर 10 लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला पशु तस्करी के संदेह में शुक्रवार रात को हुआ। इस दौरान गंभीर चोटें आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा घायल है। पुलिस की ओर से इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। मृतक की पहचान मुंडकटी गांव के यूसुफ के तौर पर हुई जो 28 साल का था। घायल लड़के का नाम रवि है जिसकी उम्र 26 वर्ष है। पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, यूसुफ मवेशियों की बिक्री और खरीद का काम करता था। वह रवि के साथ नगला गांव से टेंपो में एक गाय और बछड़े को ले जा रहा था। इसी दौरान मित्रोल गांव के पास कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया। उन्होंने मवेशियों के दस्तावेज मांगे मगर यूसुफ ऐसा कोई कागज नहीं दिखा सका। इस पर भीड़ ने दोनों पर मवेशियों की तस्करी का आरोप लगाया और हमला करना शुरू कर दिया। यूसुफ गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में रविवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया।

# सनातन धर्म के साथ विश्वासघात; ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाने पर भड़के संत

**प्रयागराज, एजेंसी।** बॉलीवुड की पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर के रूप में नियुक्ति पर विवाद खड़ा हो गया है। महाकुंभ में आए कई बड़े संतों ने अभिनेत्री के संत प्रमुख के पद पर पहुंचने पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। संतों का कहना है कि उनकी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता की खबरें सरेआम है। बॉलीवुड अभिनेत्री के रूप में उनका अतीत भी सार्वजनिक है। ऐसे में संत प्रमुख का पद देना सही नहीं है।

ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने आध्यात्मिक नाम श्रीयामाई ममता नंद गिरि से सम्मानित करते हुए महामंडलेश्वर से बनाया था। अब उनकी नियुक्ति आध्यात्मिक नेताओं के लिए विवाद का विषय बन गई है। संतों ने पूर्व अभिनेत्री की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या उनका अतीत और अपराधिक गतिविधियों में उनकी संलिप्तता की खबरों के बाद वह अखाड़े में खड़ी भी हो सकती हैं?

शांभवी पीठ के प्रमुख श्री स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने पूर्व अभिनेत्री को इतने ऊंचे पद पर भेजे जाने की निंदा करते हुए कहा कि किसी अखाड़े द्वारा ऐसा किया जाना सनातन धर्म के साथ विश्वासघात है। उन्होने कुलकर्णी को सलाह देते हुए कहा कि वह इस जाल में न फंसे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए त्याग का कोई रास्ता नहीं है। वह जो अभी



कर रही है उससे उनकी प्रतिष्ठा पर भी बट्टा लग सकता है।

निरंजनी अखाडे के महामंडलेश्वर बालनंद जी महाराज और महामंडलेश्वर का पद संभालने वाले बालकनंद जी महाराज ने भी ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाने के फैसले पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर की उपाधि किसी व्यक्ति के चरित्र,जीवनशैली और अतीत की गहन जांच के बाद ही दी जाती है। पंच दशनाम अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर रामकृष्णानंद गिरि ने भी किन्नर अखाड़े के इस फैसले पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इस ऊंचे पद पर पहुंचने के लिए व्यक्ति को अच्छे नैतिक चरित्र वाला होना चाहिए, ज्ञान वाला होना चाहिए। इस पद बैठकर व्यक्ति समाज का नेतृत्व करता है। हम ऐसे ही किसी को इस पद पर नहीं बैठा सकते।

इसके पहले बाबा रामदेव ने भी अपनी आपत्ति जताते हुए कहा था कि आजकल किसी को भी महामंडलेश्वर बना दिया जा रहा है।यह सही नहीं है। बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री ने भी इस पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि मैं खुद महामंडलेश्वर नहीं बन पाया और यहां किसी को भी बनाया जा रहा है।हालांकि तमाम विरोध के बाद कई संतों ने ममता कुलकर्णी की नियुक्ति का बचाव भी किया। परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि त्याग जीवन के किसी भी चरण में आ सकता है।

## अमृतसर में निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह, कांग्रेस ने प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

**अमृतसर, एजेंसी।** अमृतसर नगर निगम के निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। इस दौरान मेयर, डिप्टी मेयर और सीनियर मेयर का चुनाव होना था। इस महत्वपूर्ण आयोजन का संचालन अमृतसर मेडिकल कॉलेज में किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। समारोह के दौरान प्रशासन ने कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के किसी भी वरिष्ठ नेता को अंदर प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी। वहीं, आम आदमी पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता समारोह में उपस्थित रहे। कांग्रेस के पार्षद इस पर नाराज नजर आए और उनका कहना था कि उन्हें मेयर के चुनाव में वोटिंग का मौका नहीं दिया गया।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वारिंग इस दौरान पुलिस अधिकारियों से बहस करते हुए नजर आए। राजा वारिंग ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके ऊपर सीधा दबाव डाला गया और बिना किसी मतदान के तुरंत ही मेयर, डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर के नामों की घोषणा कर दी गई। राजा वारिंग ने इस पूरी प्रक्रिया




की निंदा की और कहा कि वह हाई कोर्ट में रिट दायर कर चुनाव को दोबारा कराने की मांग करेंगे। इस मौके पर पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष राजा वारिंग, डॉ. राज कुमार वेरका, पूर्व सांसद जसबीर सिंह डिंपा और अमृतसर से सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि उनके पार्षद समारोह में मौजूद थे, लेकिन प्रशासन के दबाव के कारण आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को मेयर बना दिया गया। उन्होंने इसे लोकतंत्र का उल्लंघन बताया और इस मामले को लेकर हाई कोर्ट जाने का ऐलान किया। राजा वारिंग और कांग्रेस पार्टी की पूरी लीडरशिप ने मेडिकल कॉलेज के बाहर पंजाब सरकार और प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान का खुलेआम उल्लंघन किया गया। वहीं, आम आदमी पार्टी के पक्ष से नए मेयर बने जतिंदर सिंह मोती भाटिया के समर्थकों ने उनके समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। मोती भाटिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी जीत पर खुशी जाहिर की।

## जांच के बाद वापस होंगे कन्नड़ समर्थकों पर दर्ज मुकदमे, सीएम के एलान पर बोले गृह मंत्री परमेश्वर

**बंगलूरू, एजेंसी।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कन्नड़ समर्थकों को बड़ी राहत देने के लिए एलान किया। उन्होंने कहा कि 2023 में कन्नड़ समर्थकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने पर दर्ज किए गए सभी मामले वापस लिए जाएंगे। इस पर राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि कैबिनेट समिति पहले इसकी जांच करेगी। इसके बाद प्रस्ताव अमल में लाया जाएगा।

विधान सौध क्षेत्र में कर्नाटक की देवी भुवनेश्वरी की कांस्य प्रतिमा के लोकार्पण समारोह में सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि हमें सभी भाषाओं से प्रेम करना चाहिए। उनको अपनाना चाहिए। कर्नाटक में भी कन्नड़ लोगों को कन्नड़ में अपने भाइयों और अन्य लोगों से बोलने और बातचीत करने की संस्कृति का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरी भाषाओं में गलत बोलने के बजाय हमें अपनी भाषा बोलनी चाहिए। हमारे सभी पड़ोसी राज्य में वहां के लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा की संप्रभु है। सीएम ने कहा कि यहां भी इसका अभ्यास किया जाए। राज्य में हर किसी को कन्नड़ भाषा, संस्कृति और कला के प्रति सम्मान विकसित करना चाहिए। तभी कन्नड़ संप्रभु भाषा बन पाएगी। वहीं कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि एक प्रक्रिया है। कैबिनेट समिति इसकी जांच करेगी। अगर इसे वापस लेना



है, तो यह कैबिनेट के पास जाएगा। कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ताओं ने किया था विरोध 2023 में कर्नाटक में कर्नाटक रक्षण वेदिके (नारायण गौड़ा गुट) के कार्यकर्ताओं ने बंगलूरू में दुकानों पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड लगाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। कार्यकर्ताओं ने उन दुकानों में तोड़फोड़ भी की, जिन पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड नहीं थे। मामले में दुकानों में तोड़फोड़ करने वाले कर्नाटक रक्षण वेदिके के अध्यक्ष टीए नारायण गौड़ा समेत 29 कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जबकि 500 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया था।

## महाकुंभ : देश के कोने-कोने से आ रहे श्रद्धालु, बेहतरीन व्यवस्था के लिए सरकार को सराहा

**महाकुंभ नगर , एजेंसी।** दुनिया में हिंदुओं के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ 2024 में रोजाना लाखों श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। पिछले दो-तीन दिनों से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रयागराज में ही स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर में भी दर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को संगम स्नान करने आए भक्तों ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खास बात की। दिल्ली के श्रद्धालु निखिल गोस्वामी ने बताया, बहुत अच्छा आयोजन है, सरकार की तरफ से अच्छी सुविधाएं दी जा रही हैं। यहां पर लोगों की बहुत भीड़ है। सभी को महाकुंभ में आना चाहिए। जितनी भीड़ यहां पर आ रही है, उसी हिसाब से मैनेजमेंट भी किया गया है। महाकुंभ में युवा बहुत रुचि दिखा रहे हैं, जिसका कारण मीडिया है। मीडिया को देखकर युवा यहां पर आ रहे हैं। पंजाब के जालंधर से आने वाली पूजा चौहान ने बताया, हमने त्रिवेणी में डुबकी ली। बहुत ही भक्तिमय माहौल है। मेरे हिसाब से सभी को यहां पर आना चाहिए। जो यहां पर आएगा, वो पूरे जीवन भर इसको याद करेगा।

मुंबई से आने वाले श्रद्धालु ने बताया, यहां आकर बहुत अच्छा लगा। घाटों और खाने की व्यवस्था बहुत



अच्छी है। सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम के लिए पुलिस की अधिक संख्या में तैनाती है। खाने की अच्छी सुविधा है। बहुत संख्या में लोग आ रहे हैं। हमने स्नान करने के बाद बड़े हनुमान जी का दर्शन किया। आज के दिन मात्र दो घंटे में दर्शन हो गए।

गुजरात के अहमदाबाद से आए एक श्रद्धालु ने बताया कि इस बार महाकुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी है। सपा के शासन में हुए कुंभ में भी यहां पर आया था, उस समय की अपेक्षा ये बहुत ही भव्य आयोजन है। सभी को इसके प्रति जागरूक होना चाहिए। बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। बलिया के रहने वाले एक श्रद्धालु ने बताया, महाकुंभ में इस बार पुलिस की व्यवस्था बहुत अच्छी है। पिछले दो-तीन दिनों से यहां पर लगातार भीड़ बढ़ती जा रही है। हमें लग रहा है कि कल मौनी अमावस्या होने के कारण करोड़ों श्रद्धालु स्नान करेंगे। शासन-प्रशासन सभी आपसी सहयोग से काम कर रहे हैं। इस आयोजन से सनातन धर्म का प्रचार हो रहा है, देश और दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पर आ रहे हैं और गंगामय हो जा रहे हैं। जब से योगी सरकार आई है, भक्ति में युवाओं का लगाव बढ़ता जा रहा है। गोंडा से आने वाले अजय तिवारी ने बताया, सरकार की तरफ से महाकुंभ की अच्छी व्यवस्था है। लोगों की बहुत भीड़ यहां पर आ रही है, जिससे स्नान करने में थोड़ी मुश्किल हो रही है। इस बड़े धार्मिक आयोजन को देखकर अच्छा लग रहा है, सभी हिंदू एकजुट हो रहे हैं। धर्म के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ रही है। लखनऊ से आने वाले अनूप मिश्रा ने बताया, सीएम योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बहुत भव्य आयोजन किया है। लोग अफवाह फैला रहे हैं कि 20 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ेगा।

# राष्ट्रीय खेलों में रिलायंस फाउंडेशन के 50 से अधिक एथलीट मैदान में उतरेंगे



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में हो रहे राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण में रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े 50 से अधिक एथलीट भाग लेंगे। एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, बैडमिंटन, शूटिंग, जूडो, भारोत्तोलन, कुश्ती और टेबल टेनिस सहित आठ खेल प्रतियोगिताओं में फाउंडेशन के एथलिट पदक जीतने की कोशिश करेंगे।

28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित होने वाले इन खेलों में कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद है। रिलायंस फाउंडेशन से जुड़ी हुई और टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार किसी प्रतिस्पर्धा में भाग ले रही हैं। उनके साथ उभरती हुई जूडो सनसनी हिमांशी टोकस भी पदक की रेस में होंगी। जिन्होंने हाल ही में अफ्रीकी कप में शानदार जीत हासिल की थी। वे वर्ल्ड जूनियर रैंकिंग में शीर्ष 5 में पहुँच गई हैं। एथलेटिक्स इवेंट में रिलायंस फाउंडेशन के कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भाग लेंगे, जिनमें ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), तेजस शिरसे (110 मीटर बाधा दौड़), मणिकांता होबलीधर (100 मीटर), अमलान बोरगोहेन (200 मीटर) और रोजी मीना पॉलराज (पोल वॉल्ट) शामिल हैं। अनिमेष कुजूर (2024 में भारत के सबसे तेज धावक), डीएम जयराम, बापी हंसदा और साक्षी चव्हाण जैसे उभरते सितारों का प्रदर्शन भी देखने लायक होगा।

एथलेटिक्स दल के बारे में बात करते हुए, रिलायंस फाउंडेशन के एथलेटिक्स डायरेक्टर जेम्स हिलियर ने कहा, ÷हम राष्ट्रीय खेलों को लेकर वाकई उत्साहित हैं। यह हमारे एथलीटों के लिए अपनी फिटनेस को जांचने और वे कितनी अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं, इसका आकलन करने का एक मौका है हमें उम्मीद है कि हमारे एथलीट, काफी पदक जीतेंगे। यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि हमारे अधिकांश एथलीट 2025 में एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं।÷

बैडमिंटन में, अनुपमा उपाध्याय, उन्नति हुड्डा और श्रीयांशी वलीशेट्टी की तिकड़ी महिला एकल खिताब के लिए दावेदारी पेश करेगी। टेबल टेनिस के दिग्गज जी साथियान पुरुष एकल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे। शूटिंग में डबल एशियन गेम्स मेडलिस्ट पलक गुलिया (10 मीटर एयर पिस्टल) और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन आशी चौकसे (10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन) पदक की दौड़ में शामिल हैं।

# नेमार के साथ अनुबंध आपसी सहमति से समाप्त, अल हिलाल फुटबॉल क्लब ने जारी किया बयान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने कहा है कि उसकी स्ट्राइकर नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की।

एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्टूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछ्ले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा।

क्लब ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया चैनलों पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि वह नेमार के प्रति आभार व्यक्त करता है और उनकी प्रशंसा करता है। स्ट्राइकर नेमार अगस्त 2023 में पेरिस सेंट जर्मेन से सऊदी क्लब में नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 40 लाख डॉलर) में शामिल हुए। यह उन कई करार में से एक था जिसने अरब देश को दुनिया के नए बड़े फुटबॉल बाजारों में से एक बना दिया। लेकिन नेमार को अपने करियर की सबसे गंभीर एसीएल चोट लग गई जब वह अल-हिलाल में शामिल होने के कुछ ही महीनों बाद ब्राजील के लिए खेल रहे थे।




**ICC का ये बड़ा अवॉर्ड जीतने वाली अपने देश की पहली क्रिकेटर**

# न्यूजीलैंड की एमेलिया केर ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर एमेलिया केर ने इतिहास रच दिया है. वह प्रतिष्ठित राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी पाने वाली अपने देश की पहली क्रिकेटर बन गईं.

एमेलिया केर को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरह्य चुना गया. 24 साल की एमेलिया ने लॉरा वोलवार्ट, चामरी अटापट्टू और अनाबेल सदरलैंड जैसी स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर महिला क्रिकेट का शीर्ष सम्मान हासिल किया. एमेलिया न केवल राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी जीतने वाली न्यूजीलैंड की पहली खिलाड़ी हैं, बल्कि किसी भी श्रेणी में आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर बनने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी भी हैं. पूरे साल के दौरान एमेलिया ने खेल के हर विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्व स्तरीय ऑलराउंडर के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. उनके बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने न्यूजीलैंड को कई मौकों पर मुश्किल से उबारा, जबकि लेग स्पिनर के रूप में उनके कौशल ने उन्हें दुनिया की सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया. एमेलिया ने कई मौकों पर गेंद से अपनी टीम के लिए मैच विजेता की भूमिका निभाई. बल्ले से वह न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा रहीं. उन्होंने शीर्ष क्रम की अच्छी शुरुआत का फायदा भी उठाया और शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने पर पारी को संभालने में भी सक्षम रहीं. पहली बार 2017 में शुरू की गई राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी को एमेलिया से पहले सिर्फ तीन खिलाड़ियों को दिया गया है. जिसमें ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी, भारत की स्मृति मंधाना और इंग्लैंड की नैट स्काइवर-ब्रंट शामिल हैं. इन तीनों ने दो-दो बार यह पुरस्कार जीता है.

## एबी डिविलियर्स की चार साल बाद क्रिकेट में वापसी, इस लीग में करेंगे टीम की कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीक के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लगभग चार साल बाद खेल में अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी की घोषणा की है। डिविलियर्स, जिन्हें अब तक के सबसे अभिनव और रोमांचक क्रिकेटरों में से एक माना जाता है, वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के दूसरे संस्करण में गेम चेंजर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी करेंगे।



संन्यास और गैर-अनुबंधित क्रिकेट दिग्गजों की विशेषता वाला यह प्रीमियर टी20 टूर्नामेंट दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए पुरानी यादों को ताजा करने वाला लेकिन रोमांच पेश करता है। अपनी वापसी पर डिविलियर्स ने कहा, चार साल पहले मैंने सभी क्रिकेट प्रारूप से संन्यास ले लिया था क्योंकि मुझे अब और खेलने की इच्छा नहीं थी।

खैर, समय बीत चुका है और मेरे छोटे बेटे खेल खेलने लगे हैं। हम बगीचे में अधिक से अधिक खेल रहे हैं और ऐसा लगता है जैसे किसी तरह की लौ फिर से जल गई है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं जिम और नेट्स पर वापस जा रहा हूं और मैं जुलाई में डब्ल्यूसीएल के लिए तैयार हो जाऊंगा।

# 61 गेंदों पर नहीं बनाया रन, 20 छक्के उड़ाते हुए ठोका दोहरा शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शानदार, जबरदस्त, बेमिसाल. उसकी बेलगाम बल्लेबाजी देखकर यही कहेंगे आप. हम बात कर रहे हैं समीर रिजवी की, जिन्होंने अंडर 23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हुए गुजरात के खिलाफ बड़ा धमाका किया है. उनकी विस्फोटक पारी का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि उन्होंने अपनी इनिंग में 159 गेंदों का सामना किया, जिसमें से 61 पर कोई रन नहीं बनाकर भी दोहरा शतक ठोक दिया. ये बीते 37 दिनों में समीर रिजवी के बल्ले से निकला तीसरा दोहरा शतक है.

दाएं हाथ के बल्लेबाज समीर रिजवी ने गुजरात के खिलाफ दूसरी पारी में अपना आक्रामक अंदाज दिखाया. उन्होंने गुजरात के बल्लेबाजों की पिटाई करते हुए उनका

**37 दिनों में तीसरी बार दिखाया ऐसा जलवा**



धागा खोल दिया. उन्होंने मैच की सेकंड इनिंग में 164.78 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 159 गेंदों पर 262 रन जड़े. उनकी इस कयामत ढाने वाली पारी में 20 छक्के और 21 चौके शामिल रहे. इस दमदार पारी के दौरान समीर रिजवी ने अपने साथी खिलाड़ी स्वास्तिक चिकारा के साथ दूसरे विकेट के लिए 381 रन की पार्टनरशिप दूसरी पारी में की.

37 दिन में ठोका तीसरा दोहरा शतक

समीर रिजवी का बीते 37 दिनों में क्रिकेट की पिच पर ये तीसरा दोहरा शतक है. इस सिलसिले की शुरुआत 21 दिसंबर को त्रिपुरा के खिलाफ मैच से हुई थी. अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी के मैच में तब समीर ने 97 गेंदों पर सबसे तेज दोहरा शतक जड़ते हुए इतिहास रचा था.

उसके 4 दिन बाद ही यानी 25 दिसंबर को समीर रिजवी का बल्ला एक बार फिर से गरजा. इस बार विदर्भ की टीम निशाना बनी, जिसके खिलाफ उन्होंने 105 गेंदों पर 202 रन बनाए थे. और, अब ये तीसरा दोहरा शतक.

### समीर रिजवी का अंदाज देख दिल्ली कैपिटल्स खुश

फॉर्मेट कोई भी हो, मंच कोई सा भी हो, समीर रिजवी के बल्ले को बोलते देख उनके फॉर्म का पैमाना समझ आ रहा है. उनके मौजूदा अंदाज और मिजाज को देख उनकी नई आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स भी बेहद खुश है. दिल्ली कैपिटल्स ने IPL 2025 के लिए समीर रिजवी को 95 लाख रुपये में खरीदा है. समीर पिछ्ले IPL में CSK का हिस्सा थे, जहां उन्होंने 8 मैच खेले थे.

## रोहित शर्मा का रणजी सफर थमा, जायसवाल, अय्यर भी नहीं खेलेंगे अगला मैच



**मुंबई, एजेंसी।** गत चैम्पियन मुंबई को मेघालय के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच में रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर की कमी खलेगी। इन तीनों ने एलीट ग्रुप ए के छठे दौर में जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेला था जिसमें मुंबई को पांच विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा। उस मैच में ये तीनों नहीं चल सके जबकि शार्दुल ठाकुर ने 51 और 119 रन की पारियां खेली। मुंबई को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिये अब मेघालय को बड़े अंतर से हराने के अलावा बाकी मैचों में भी अनुकूल नतीजों की उम्मीद करनी होगी। रोहित, जायसवाल और अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ छह, नौ और 12 फरवरी को होने वाले वनडे और चैम्पियंस ट्रॉफी टीम का हिस्सा हैं। मुंबई क्रिकेट संघ के एक सूत्र ने तीनों के अगला मैच नहीं खेलने की पुष्टि की। उन्होंने अय्यर के बारे में कहा कि वह भारतीय टीम से जुड़ेगा।

बीते दिनों ही खबर आई थी कि रोहित ने नकारात्मक आलोचना के लिए सुनील गावस्कर की बीसीसीआई से शिकायत लगाई है। एक रिपोर्ट सामने आई है जिसके अनुसार रोहित ने बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों से बैठक में सुनील गावस्कर की नकारात्मक आलोचना के बारे में शिकायत की, जिसमें कहा गया कि बाहरी दबाव ने उनके प्रदर्शन को प्रभावित किया। रोहित को लगा कि सुनील गावस्कर के लिए इस तरह से उनकी आलोचना करना जरूरी नहीं है और इसीलिए उन्होंने गावस्कर के बारे में बीसीसीआई से शिकायत की।

अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण रोहित शर्मा ने पहला टेस्ट नहीं खेला था। आगे के तीन मैचों में वह 31 रन ही बना पाए। इसलिए पांचवें टेस्ट से वह खुद ही हट गए थे। रोहित शर्मा को बल्ले से संघर्ष पर गावस्कर ने टिप्पणी की थी कि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगर मेलबर्न और सिडनी में रन नहीं बनाता है तो पद छोड़ सकता है। उसे चयनकर्ता के फैसले का इंतजार नहीं कर सकता है। लिटिल मास्टर ने अपने कॉलम में लिखा था- कप्तान रोहित शर्मा अपनी गहराई से बाहर थे और उन्होंने अपने फॉर्म के कारण अलग होने का साहसी निर्णय लिया, उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने भविष्य के बारे में भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

## भारतीय बल्लेबाज ने जमाया इस आईसीसी टूर्नामेंट के इतिहास का पहला शतक

आईसीसी अंडर 19 महिला टी-20 टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाज ने इतिहास रचा है. उसने अपने बल्ले से ऐतिहासिक पारी खेली है.हम बात कर रहे 19 साल की बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा की, जिन्होंने 59 गेंदों पर ऐसा धमाल मचाया कि स्कॉटलैंड के गेंदबाज पानी मांगते दिखे. त्रिशा ने आखिर तक नाबाद रहते हुए 110 रन बनाए, जो कि आईसीसी अंडर 19 महिला टी-20 टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी बल्लेबाज के बल्ले से निकली पहली सेंचुरी है. इस शतकीय पारी की बदौलत त्रिशा ने भारतीय स्कोर बोर्ड को तो 200 के पार पहुंचाया ही साथ ही खुद भी टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर बन गईं.



भारत ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जिसके बाद भारतीय बल्लेबाजों ने बैटिंग के दौरान जमकर मौज काटी. उन्होंने रनों का अंबार लगा दिया. लेकिन, गोंगाडी त्रिशा के इरादे अलग ही थे. उन्होंने रनों की बहती गंगा में सिर्फ गोते नहीं लगाए बल्कि ऐतिहासिक शतक की कहानी भी लिखी. शुरू से लेकर अंत तकज त्रिशा को आउट नहीं कर सके स्कॉटिश गेंदबाज

जी. कमालिनी के साथ ओपनिंग करने उतरी त्रिशा ने शुरू ही स्कॉटलैंड के गेंदबाजों पर अटैक कर दबाव बनाए रखा. रन कमालिनी के बल्ले से भी निकल रहे थे लेकिन उस रफ्तार से नहीं जो त्रिशा ने पकड़ रखी थी. दोनों के बीच ओपनिंग विकेट के लिए 147 रन की बड़ी साझेदारी हुई, जिससे भारत को जबरदस्त स्टार्ट मिली.




## पार्ल रॉयल्स की एसए-20 में रिकॉर्ड जीत, डरबन्स सुपर जाइंट्स बाहर

**पार्ल, एजेंसी।** पार्ल रॉयल्स ने एसए-20 लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछ्ले सत्र की उप विजेता टीम अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती।


टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। डीएसजी की टीम नौ मैच में सिर्फ एक जीत से आठ अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।

# दिनेश कार्तिक ने धोनी को पछाड़ा, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक जो वर्तमान में एसए-20 2025 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं, ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया।

39 वर्षीय कार्तिक 27 जनवरी को डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ 15 गेंदों पर 21 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए। कार्तिक ने अब टी20 में 361 पारियों में 7,451 रन बनाए हैं और इस तरह उन्होंने भारत के दिग्गज विकेटकीपर एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने



अब तक 342 पारियों में 7,432 रन बनाए हैं। धोनी के पास आगामी आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए इस रिकॉर्ड को फिर से अपने नाम करने का मौका होगा।

कार्तिक अब टी20 में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपरों में सबसे आगे हैं, लेकिन आईपीएल में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपरों का रिकॉर्ड अभी भी धोनी के नाम है। लीग में धोनी के नाम 5,125 रन हैं और दूसरे नंबर पर कार्तिक हैं जिनके नाम 4,463 रन हैं।

# 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## प्रभारी मंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज





**पन्ना।** देश का 76वां गणतंत्र दिवस समारोह पन्ना जिले में भी हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउण्ड पन्ना में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन बजाई गई और हर्ष फायर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात प्रभारी मंत्री श्री परमार ने खुली जिप्सी में पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा एवं जिपं सीईओ व प्रभारी कलेक्टर संघ प्रिय के साथ परेड का निरीक्षण किया। रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर भी साथ थे। मुख्य अतिथि ने नागरिकों के नाम संबोधित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन कर आकाश में गुब्बारे छोड़े। समारोह में परेड की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद अतिथियों ने टोली नायकों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर प्रजातंत्र रक्षकों का सम्मान भी किया गया। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल के बच्चों ने देश भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। अपार उत्साह के साथ बच्चों द्वारा सामूहिक पीटी प्रदर्शन भी किया गया। गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में शासकीय विभागों की अलग-अलग थीम पर केन्द्रित झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं। कार्यक्रम उपरांत उत्कृष्ट परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। सशस्त्र परेड में जिला पुलिस बल पुरूष की टुकड़ी को प्रथम, एसएएफ 10वीं वाहिनी विसबल की टुकड़ी को द्वितीय और होमगार्ड की टुकड़ी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि गैर शस्त्र परेड सीनियर वर्ग में एनसीसी महिला सीनियर डिवीजन की टुकड़ी को प्रथम, एनसीसी सीनियर डिवीजन छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना की टुकड़ी को द्वितीय और एनएसएस महिला दल छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना की टुकड़ी को तीसरा स्थान मिला। नि:शस्त्र परेड जूनियर वर्ग में शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना के गाइड दल को प्रथम, अरविन्दो, डायमण्ड पब्लिक एवं सरस्वती शिशु मंदिर पन्ना के स्काउड दल को द्वितीय तथा शौर्या दल की टुकड़ी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के वरिष्ठ वर्ग में शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना को प्रथम, नेशनल पब्लिक स्कूल पन्ना को द्वितीय एवं पीएम श्री जवाहर नवोदल विद्यालय रमखिरिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि कनिष्ठ वर्ग में ब्लू स्काई पब्लिक स्कूल को प्रथम, महारानी दुर्गा राज्य लक्ष्मी को द्वितीय तथा लिस्यू आनंद सीनियर सेकेण्डरी स्कूल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिला पंचायत की झांकी को प्राप्त हुआ प्रथम स्थान गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में 09 विभागों द्वारा विभिन्न थीम पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत की झांकी को प्रथम, महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी को द्वितीय और पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की झांकी को तीसरा स्थान मिला। प्रथम स्थान पर चयनित जिला पंचायत की झांकी के लिए परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार को नोडल अधिकारी और मृदुल श्रीवास्तव को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया था। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य तथा शासकीय दायित्वों के बेहतर निर्वहन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में गत 16 दिसम्बर को विजय दिवस पर पुलिस बैण्ड के बेहतर प्रदर्शन पर 21 हजार रूपए की नगद पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी, अन्य शासकीय सेवक, गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विनय श्रीवास्तव एवं प्रमोद अवस्थी द्वारा किया गया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले फौजी सरपंच गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह मे किये गये सम्मानित



**पन्ना।** पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि सिंह को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह मे प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। सरपंच श्री लोधी अपने अनूठे कार्यों और नवाचारों के लिए चर्चा में है। ढ़ाई साल के अल्प समय में ही इस गाँव की तकदीर व तस्वीर दोनों बदल गई है। अब यह गाँव पूरे जिले के लिए एक मिसाल बन चुका है। एक पूर्व फौजी की द्रढ़ इच्छा शक्ति और सकारात्मक सोच ने यह कमाल किया है, जिसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। सरपंच बने पूर्व फौजी रामशिरोमणि सिंह लोधी को गाँव में किये गए अनूठे कार्यों और नवाचारों के लिए जानें जाते है, इसी लिए 26 जनवरी के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा सम्मानित किया गया है। यह पहला अवसर है जब जिले की 386 ग्राम पंचायतों में से किसी पंचायत के सरपंच को गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस तरह सम्मानित किया गया है, जो गौरव की बात है। इससे निश्चित ही जिले व प्रदेश की अन्य पंचायतों को प्रेरणा मिलेगी। जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी. दूर पन्ना जिले की सीमा में स्थित ग्राम पंचायत दिया की हालत ढ़ाई साल पूर्व तक बेहद दयनीय थी। तक़रीबन 6 हजार की आबादी व 2500 मतदाता वाली इस पंचायत के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी मोहताज रहना पड़ता था। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को सुगमता से नहीं मिल पाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है, अब शासन की योजनाओं का लाभ जहाँ सुगमता से हर पात्र को मिल रहा है वहीं गाँव का भी कायाकल्प हो गया है। ग्राम पंचायत के सरपंच 46 वर्षीय पूर्व फौजी रामशिरोमणि सिंह लोधी बताते हैं कि हमारी पंचायत में नल जल योजना संचालन के लिए ऑटो मेंसन लगाया गया है। विभिन्न प्रकार के सेसंर के माध्यम से मोबाइल फोन से ही पूरा सिस्टम कमांड हो रहा है, बिना पढ़ा लिखा युवक घर बैठे ही पेयजल सप्लाई व्यवस्था को ऑपरेट कर लेता है। पानी की टंकी का लेवल, मोटर पंप को चालू करना एवं बंद करना तथा ओवर फ्लो होने पर अलार्म बजाना इत्यादि प्रकार की सुविधा ऑटोमेशन डिवाइस पर उपलब्ध हैं, जो इस पंचायत में हो रहा है। वे आगे बताते हैं कि पंचायत में बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान के तहत पंचायत की तरफ से प्रत्येक बेटी का जन्म दिन मनाने के साथ जन्म दिन पर वृक्षारोपण करवाया जाता है। पंचायत क्षेत्र की बेटियों को स्कूल भेजने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। स्कूलों में स्वच्छता, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

# जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया ध्वजारोहण

## वरिष्ट कांग्रेस नेता राम औतार तिवारी नें किया ध्वजा रोहण



**पन्ना।** देश भर में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही गरिमा एवं उल्लास के साथ मनाया गया तथा सभी शासकीय अशासकीय एवं रजनैतिक दलो के द्वारा ध्वजा रोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इसी कड़ी में पन्ना जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्थानीय बड़ा बजार चौराहा जय स्तंभ पर ध्वजा रोहा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ट नेता राम औतार तिवारी द्वारा ध्वजा रोहण किया गया, तत्पश्चात् प्रदेश अध्यक्ष का जनता के नाम संन्देश वाचन पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम बहादुर पटेल के द्वारा किया गया। तत्पश्चात् उपस्थित कांग्रेसजनों ने खादी आश्रम दुकान बड़ा बजार में भी ध्वजा रोहण किया गया। इसके पश्चात् गांधी चौक पर स्थित राष्ट्रपिता बापू के चित्र पर माल्यपर्ण किया गया। उसके बाद अम्बेडकर चौक पंहुचकर बाबा साहब अम्बेडकर को पुष्प माला अर्पित करते हुए नमन किया। उक्त झण्डा रोहण कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा के निर्देशन में किया गया। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ट कांग्रेस नेता राम किशोर मिश्र, अनीश खान, मुख्तार बेग, अक्षय तिवारी, पप्पू खान, भूपेन्द्र सिंह परमार, राकेश शर्मा, जीवन लाल सिद्धार्थ, स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, सरदार यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के लोग एवं नागरिकगण उपस्थित रहें।

# नाबालिग के साथ बलात्कार के आरोपी को बीस वर्ष का कठोर कारावास

## विशेष न्यायधीश अरविन्द शर्मा की न्यायालय का फैसला

**पन्ना।** नाबालिक के साथ बलात्कार करने के एक आरोपी को विशेष न्यायधीश अरविन्द शर्मा की न्यायालय द्वारा बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप मे इस प्रकार है, कि अभियोक्त्री की मां ने महिला थाना में उपस्थित होकर इस आशय का लिखित आवेदन पेश किया कि वह मजदूरी का कार्य करती है, उसकी दो लड़की व एक लड़का है, बडी लड़की की शादी हो गयी है व छोटी लड़की जिसकी उम्र 13 वर्ष है, जो पढ़ी लिखी नहीं है। दिनांक 10.11.2023 को रात करीब 11:00 बजे वह और उसके पति खेत में पानी लगाने गये थे, दोनों बच्चों को घर पर सोते छोड़ गये थे। रात 02:00 बजे करीब उसकी लड़की एवं लड़का खेत पर रोते हुए आये और अभियोक्त्री बोली कि करीब 01:00 बजे जब वह लोग सो रहे थे, उसी समय श्रीकेश उर्फ गोलू गौंड़ दरवाजे को पैर से धक्का मारकर खोलकर घर के अंदर आया और उसके पास उसका हांथ झटककर डराकर बोला कि आज उसके मम्मी पापा नहीं है उसे नहीं छोड़ेगा और वह उसका मुंह दबाकर उसके साथ जबरजस्ती गलत काम किया। फिर वह चिल्लायी तो अभियोक्त्री का भाई जाग गया था, जिसे देखकर श्रीकेश उर्फ गोलू भाग गया था। फिर उसने अपनी लड़की को साथ लेकर सुबह थाना बृजपुर में घटना के संबंध में शिकायत लेख करायी।

उक्त लिखित आवेदन के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना बृजपुर में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया, साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

माननीय न्यायालय श्रीमान अरविन्द कुमार शर्मा विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक/वरिष्ठ सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश खरे द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी श्रीकेश उर्फ गोलू गौड़ के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय श्रीमान अरविन्द कुमार शर्मा विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) पन्ना के न्यायालय द्वारा आरोपी - श्रीकेश उर्फ गोलू गौड़ को क्रमश: धारा- 450 भादसं. एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के आरोप में क्रमश: 10 वर्ष का कठोर कारावास, 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रूपए, 5000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# रायसेन की टीम ने त्रिवेंद्रम की टीम को हराकर जीता अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट

## प्रभारी मंत्री ने किया पुरष्कार वितरण, विजेता टीम को एक लाख तथा उप विजेता टीम को पचहत्तर हजार रूपये नगद राशि दी



**पन्ना।** स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम पर चल रहे फुटबाल टूर्नामेंट के फाईनल मैच में रायसेन मध्य प्रदेश तथा त्रिवेन्द्रम केरल के बीच खेला गया। जिसमें रायसेन मध्य प्रदेश की टीम ने ट्राई ब्रेकर मे तीन दो से मैच जीत लिया, फाईनल मैच मे दोनो टीमो द्वारा डेढ घंटा के मैच में कोई भी टीम एक भी गोल नहीं बना सकी, जिसके लिए परिणाम ट्राई ब्रेकर से संपन्न कराये गये, फाईनल मैच मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश के उच्च शिक्षा तकनीकी तथा आयुष मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्र इन्दर सिंह परमार मुख्य रूप से उपस्थित रहें, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा की गई। फाईनल मैच में विजेता टीम रायसेन को मुख्य अतिथि द्वारा 1 लाख नगद राशि तथा ट्राफी एंव मेडल दिया गया। रायसेन टीम के कप्तान राहुल यादव के नेत्रत्व मे बेहतर प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार उप विजेता टीम केरण त्रिवेन्द्रम की टीम को 75 हजार नगद एवं ट्राफी तथा मेडल प्रदान किया। त्रिवेन्द्रम टीम के कप्तान साई सुरेन्द्रम के नेत्रत्व में टीम द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। उक्त फाईनल मैच के दौरान अन्य अतिथि भी उपस्थित रहें। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीनाराजे, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पान्डेय, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण थोटा, प्रभारी कलेक्टर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय, जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह परमार, विष्णु पान्डेय, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रवीराज यादव, प्राचार्य छत्रसाल कालेज एस पी एस परमार, विनोद तिवारी, एसडीओपी, एस पी सिंह बघेल, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# देश आजाद हुआ,पर क्या हम आजाद हैं: ब्रह्माकुमारी

**पन्ना।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पन्ना की ओर से न्यू गोल्डन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल इटवाँकला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्रह्माकुमारी बहन जी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए कहा कि आज हम सभी उन वीरों को, उन शहीदों के बलिदान एवं कुर्बानी को याद कर रहे हैं, जिन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ निछावर कर दिया। आज हम बाहरी रूप से तो स्वतंत्र हो गए हैं पर हम स्वयं से पूछे की क्या हम आंतरिक रूप से स्वतंत्र हैं? हर कोई आज यह संकल्प करें कि हमें अपने को अंदर से भी स्वतंत्र करना है जो मन अधीन हो गया है, मनोविकारों के; जो बुद्धि को सभी ने डस्टबिन बना दिया है, जो भेदभाव पैदा कर दिए हैं, जो तेरे मेरे की जंजाल में लोग उलझ गए हैं; आज संकल्प करें कि हम इन सबसे स्वतंत्र होंगे, तभी ही हमें सच्चा सुख मिलेगा।

## श्रीमद् भागवत कथा की बैठकी संपन्न

**पन्ना।** पन्ना जिले के मुटवा कला ग्राम यादव परिवार के द्वारा भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया गया है, जिसमें कलश यात्रा के साथ बैठकी कार्यक्रम संपन्न हुआ।

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री बीरेन्द्र राय
आबकारी समूह
देशी विदेशी मदिरा दुकान पवई पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री चन्द्र मोहन कुशवाहा
शास. अनुसूचित जन जाति सीनियर बालक छात्रावास
म.प्र. शासन आदिम जाति कल्याण विभाग बृजपुर पन्ना

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपराध से बचें, अच्छे नागरिक बने

श्री प्रीतम सिंह
चौकी प्रभारी
श्री सांई कृष्णा
एस थोटा
पुलिस अधीक्षक पन्ना
चौकी पहाड़ीखेरा एवं समस्त स्टॉफ थाना पहाड़ीखेरा पन्ना

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती वर्षा शर्मा
नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास
रक्सेहा/समग्र शिक्षा जिला पन्ना (म.प्र.)

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अमित यादव
ए.पी.ओ. (नरेगा अजयगढ़)
एवं समस्त स्टॉफ जनपद पंचायत पन्ना

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रंग सोनी
(उपयंत्री)
जनपद पंचायत पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री संतोष गुप्ता
अध्यक्ष
भारतीय मजदूर सिंह पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपराध से बचें, अच्छे नागरिक बने

श्री जगतपाल सिंह
राजपूत
थाना प्रभारी सिमरिया
श्री सांई कृष्णा
एस थोटा
पुलिस अधीक्षक पन्ना
एवं समस्त स्टॉफ थाना सिमरिया पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपराध से बचें, अच्छे नागरिक बने


श्री अनिल सिंह
राजपूत
थाना प्रभारी सलेहा
श्री सांई कृष्णा
एस थोटा
पुलिस अधीक्षक पन्ना
एवं समस्त स्टॉफ थाना सलेहा, पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 29 जनवरी 2025 | 8


उप मुख्यमंत्री ने ग्राम भटलो पहुंचकर सरपंच कौशल सिंह लोनिया की माता जी के दुखद निधन पर शोक प्रकट किया तथा शोक संतृप्त परिजनों को ढ़ाढस बंधाया। इस दौरान अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय भी उपस्थित रहे।



## चाकघाट बार्डर में महाकुंभ यात्रियों का उमड़ा सैलाब, की जा रही समुचित व्यवस्थाएं

### कमिश्नर और प्रभारी आईजी ने चाकघाट में तीर्थयात्रियों की सुविधाओं का लिया जायजा



**रीवा।** प्रयागराज महाकुंभ का मुख्य स्नान मौनी अमावस्या 29 जनवरी को है। इसके बाद एक अन्य मुख्य स्नान 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर होगा। इसके कारण रीवा से प्रयागराज मार्ग पर वाहनों की कतार लगी हुई है। प्रयागराज मार्ग पर सोहागी से चाकघाट बार्डर तक यात्रियों का सैलाब है। कमिश्नर बीएस जामोद तथा प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण करके तीर्थयात्रियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। यातायात व्यवस्था बहाल रखने तथा यात्रियों के ठहरने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

कमिश्नर ने रैनबसेरे का निरीक्षण करते हुए यात्रियों से सुविधाओं की जानकारी ली। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए कमिश्नर ने एसडीएम त्योंथर तथा सीएमओ को मण्डी प्रांगण में तत्काल यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था करने एवं दो बारात घरों में अतिरिक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि दूर-दूर से आए यात्री प्रयागराज में पुण्य स्नान का लाभ ले सकें तथा किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। वाहनों की अधिक संख्या होने पर बीच-बीच में 30-40 मिनट के लिए सीमा बंद की जा रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारियों से सतत सम्पर्क में रहकर वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करें। लाउड स्पीकर के माध्यम से मेला क्षेत्र में भीड़ की स्थिति तथा जाम के कारण वाहनों को रोकने के संबंध में लगातार सूचनाएं प्रसारित करें। जिससे यात्री परेशान न हों। कमिश्नर ने रैन बसेरे में बनाये गये मेडिकल कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएमओ तथा चिकित्सा कर्मियों से उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने उपचार सुविधाओं की जानकारी दी।

कमिश्नर ने कहा कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त गद्दे, रजाई तथा अलाव की व्यवस्था करें। मेडिकल टीम 24 घंटे तैनात रहे। नगर पंचायत यात्रियों के लिए निश्शुल्क भोजन की भी व्यवस्था करे। पेयजल की आपूर्ति, साफ-सफाई तथा सुरक्षा के लिए आवश्यक कर्मचारी तत्काल तैनात करें। प्रभारी आईजी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क पर वाहनों की बहुत बड़ी संख्या है। उत्तरप्रदेश पुलिस से सतत संपर्क रखकर यातायात को यथासंभव सुगम बनाएं। आवश्यक होने पर चाकघाट, सोहागी, गढ़, गंगेव और मनगवां में भी वाहनों को रोंके। रात में भी रैन बसेरों में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। यात्रियों को समय-समय पर मेला क्षेत्र के संबंध में आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराएं।

कमिश्नर ने रैनबसेरे में तीर्थयात्रियों के साथ गाया भजन - कमिश्नर ने रैन बसेरा में ठहरे यात्रियों से संवाद किया। महाराष्ट्र से 55 यात्रियों का समूह गंगा स्नान के लिए जाते हुए रैन बसेरे में ठहरा हुआ है। यात्रियों का दल भजन गाकर यात्रा की थकान दूर कर रहे थे। कमिश्नर श्री जामोद ने भी यात्रियों के साथ मिलकर आत्मीयता के साथ झांझ बजाकर तीथयात्रियों के भजन के आनंद को दुगुना किया।

## रीवा में विकास के साथ ही शांति व सौहार्द का वातावरण निर्मित हुआ है : उप मुख्यमंत्री

### शहीद रामानंद सिंह की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में विकास के साथ ही शांति व सौहार्द का वातावरण निर्मित हुआ है। लोग अब विकास की बातें करते हैं तथा अपने जनप्रतिनिधियों से निः संकोच विकास कार्यों की मांग करते है जो यह दर्शाता है कि लोकतंत्र अब परिपक्व हो रहा है। श्री शुक्ल शहीद रामानंद सिंह की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नामानंद सिंह जी शोषण व अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाते थे तथा लोगों की मदद के लिये हमेशा आगे आ जाते थे। वह अपनी सहजता व सौम्यता के लिये भी जाने जाते थे। श्री शुक्ल ने कहा कि वर्षों पूर्व रीवा में अराजकता का वातावरण था। लोग सुरक्षित नहीं थे। मगर हमारी सरकार के आने के बाद रीवा व मध्यप्रदेश शांति का टापू बन गया है। लोग विकास की चर्चा करते हैं तथा अपने गली, मोहल्ले, कालोनी व शहर में विकास कार्यों के लिये जनप्रतिनिधियों से निःसंकोच अपनी मांगे रखते हैं। क्योंकि जनता से चुने हुए व्यक्ति जनता के लिये ही कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने शहीद रामानंद सिंह एवं स्व. शिवेन्द्र सिंह जी को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए आश्वस्त किया कि बरा मोहल्ले का नाम शहीद रामानंद सिंह के नाम पर तथा रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल के मार्ग का नाम स्व. शिवेन्द्र सिंह जी के नाम पर कराये जाने का कार्य किया जायेगा।

कार्यक्रम में सांसद सतना श्री गणेश सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व सांसद देवराज सिंह एवं बुद्धसेन पटेल, पूर्व विधायक रामलखन पटेल, श्रीमती माया सिंह, डॉ. अजय सिंह, राम सिंह, रश्मि सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्रांतिकारी मोर्चा से जुड़े व्यक्ति तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## छात्रावासों में सुविधाओं की सुनिश्चितता के साथ व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश

**रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले में संचालित छात्रावासों में शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की सुनिश्चितता के साथ ही व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये हैं। जिला संयोजक के समस्त अनुसूचित जाति/जनजातीय बालक, बालिका, आश्रम व छात्रावासों के अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि छात्रावास एवं परिसर की नियमित साफ-सफाई रखी जाये, भोजन की गुणवत्ता का ध्यान दिया जाये तथा दोनों टाइम नाश्ता एवं सब्जी बदल कर दी जाये। सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से विशेष भोजन दिया जाने, रसोई कक्ष में कुकर की रबर एवं सीटी, गैस सिलेण्डर के पाइप एवं रेगुलेटर का परीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्रावास में अधीक्षक अनिवार्य रूप से निवास करें।

कन्या छात्रावासों में कोई भी पुरूष कर्मचारी छात्रावास परिसर में निवास न करे तथा कन्या छात्रावासों में महिला कर्मचारी के पति एवं 15 वर्ष से अधिक उम्र के लड़कों का भी छात्रावास परिसर में प्रवेश पूर्णतः वर्जित किया जाय।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**रीवा।** आकस्मिकता योजनान्तर्गत अत्याचार से पीड़ित 80 व्यक्तियों को 64 लाख 50 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के 53 पीड़ित हितग्राहियों को 39 लाख 75 हजार रूपये तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के पीड़ित 27 हितग्राहियों को 24 लाख 75 हजार रूपये की सहायता राशि आकस्मिकता योजना के तहत स्वीकृत की गई है।

## जन सुनवाई का हुआ आयोजन



**रीवा।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय एवं श्रेयस गोखले ने लोगों की समस्यायें सुनीं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त 87 आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में पड़रा रीवा वार्ड क्रमांक 4 निवासी राधा साकेत के राशन कार्ड के डाटा सुधार करने तथा संसारपुर निवासी शिवशंकर सोनी के भूमि विवाद का निपटारा तथा करने पटपहरा निवासी मनीष मिश्रा के बीपीएल कार्ड बनाने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही के लिये प्रेषित किया गया। इसी प्रकार रजा मोहम्मद पडुआ के खसरा सुधार, सोहागी के बुद्धसेन मिश्रा के अवैध अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। रमाकांत पटेल के अनुकंपा नियुक्ति तथा तरूणेन्द्र सिंह बघेल हिनौती के आवासीय प्लाट के ऊपर से 33 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन हटाने के आवेदनों को विद्युत विभाग को कार्यवाही के लिये तथा रौसर निवासी राजेश्वर प्रसाद मिश्रा के फर्जी ऋण की जांच कराने के आवेदन को जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के महाप्रबंधक को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया।

कुंआ चचाई निवासी राजभजन सिंह लोधी के खाद्यान्न पर्ची में नाम जोड़ने के आवेदन एवं लूक निवासी रामनरेश द्विवेदी के प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाने के आवेदन के संबंधित जनपद के सीईओ को तथा विट्टन सिंह खरहटी के लाड़ली लक्ष्मी योजना की किश्त प्रदान करने के आवेदन पर जिला महिला लाल विकास अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। उपरहटी निवासी राजीव कुमार शुक्ला ने कैंसर के इलाज का आवेदन दिया जिसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया। विमला मिश्रा धौरहरा के भू अर्जन राशि दिलाने के आवेदन पर भू अर्जन अधिकारी को तथा शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिघरा के छात्र प्रांसू बुनकर के छात्रवृत्ति प्रदान करने के आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने भटलो ग्राम में मगरदहा घाट का किया निरीक्षण

### घाट का सौन्दर्यीकरण कराने के दिये निर्देश



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने भ्रमण के दौरान भटलो ग्राम में मगरदहा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट को साफ-सुथरा कराकर इसके सौन्दर्यीकरण किये जाने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी नेशनल रूरल इम्पायमेंट गारंटी एक्ट के तहत विधायकनिधि, डीएमएफ तथा मनरेगा के सहयोग से वर्ष 2022 में घाट का निर्माण किया गया था। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की जल संरचनाओं को संरक्षित व संबंधित किये जाने की जरूरत है। इस घाट में पर्याप्त जल की उपलब्धता रहती है इसे साफ सुथरा कर इसके सौन्दर्यीकरण किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामवासी भी परिसम्पत्तियों को अपना माने तथा शासन प्रशासन के साथ सहयोग की भावना रखकर ग्रामीण विकास के कार्यों में अपनी भागीदारी निभायें और अपने जिले व प्रदेश को उन्नति के शिखर तक ले जाने में सहयोगी बनें।

## महाकुंभ में रीवा के कलाकारों ने किया हनुमान लीला का अद्भुत मंचन

रीवा

प्रयागराज के महाकुंभ में सेक्टर-7 स्थित मध्यप्रदेश मंडपम में रंगमंच का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। रीवा के रंग उत्सव नाट्य समिति के कलाकारों ने हनुमान लीला का तीन दिनों तक शानदार मंचन किया। यह आयोजन मध्यप्रदेश संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 30 से अधिक कलाकारों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रस्तुति के दौरान दर्शकों की भीड़ में गजब का उत्साह देखने को मिला। भगवान के जयकारों और तालियों की गूंज के बीच हर दृश्य को दर्शकों ने सराहा। इस नाटक का निर्देशन अंकित मिश्रा ने किया, जिन्होंने कलाकारों के साथ इसे जीवंत बना दिया।

## भगवान की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल बेलवा बड़गैयन ग्राम में नवनिर्मित बूढ़ी माता मंदिर परिसर में देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए। श्री शुक्ल ने धार्मिक अनुष्ठान में हवन पूजन किया तथा भगवान के दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने भण्डारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। श्री शुक्ल ने भव्य मंदिर निर्माण के लिये फणीन्द्र शुक्ल व उनके परिजनों को साधुवाद देते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## मद्य निषेध संकल्प दिवस 30 जनवरी को

**रीवा।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जायेगा। समाज में बढ़ते हुए मद्यपान तथा नशीली दवा, मादक पदार्थ/ द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराने, नशा छोड़ने के लिऐ प्रेरित कर उन्हें मादक द्रव्य पान, गुटका, तम्बाकू सिगरेट, मदिरा पान त्यागने हेतु संकल्प दिलाने तथा संकल्प लेने वालों से संकल्प पत्र भरवाने का कार्य इस दिवस पर किया जायेगा। नशा प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जनजागृति एवं जन चेतना का निर्माण किया जाना इसका मुख्य उद्देश्य है। भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान प्रारंभ किया गया है जिसमें नशीली दवाओं की मांग में कमी लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। इसके तहत उपचार व परामर्श तथा जनजागृति संबंधी कार्य किये जायेंगे ताकि लोग नशामुक्ति की ओर प्रेरित हो सके। इसी क्रम में विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय तथा स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। मद्य निषेध संकल्प दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी जी की जयंती पर व्याख्यान, वेवीनार, आदि कार्यक्रम आयोजित कराने, नशामुक्ति के लिये जनजागृति हेतु रैली, नुक्कड़ नाटकों का मंचन कराने, स्थानीय विद्यालयों में नशामुक्ति विषयंक प्रतियोगिताएं, प्रश्न मंच का आयोजन कराने तथा ग्राम सभाओं में नशामुक्त ग्राम बनाने संबंधी प्रस्ताव पारित कराया जायेगा।

## कैंसर जागरूकता के लिये वॉकथॉन रैली 2 फरवरी को

**रीवा।** कैंसर रोग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वॉकथॉन रैली 2 फरवरी को आयोजित की गई है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। नेशनल हास्पिटल के संयोजकत्व में आयोजित रैली कलेक्ट्रेट रीवा परिसर से प्रातः 8 बजे आरंभ होकर अटल पार्क में समाप्त होगी। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जनमानस को जागरूक करने तथा इसकी प्रारंभिक पहचान को बढ़ावा देने व रोकथाम के उपायों की जानकारी देने के लिये रैली में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी स्थानीयजन तथा विद्यार्थी अपनी सहभागिता निभायेंगे।

## देखने सीखने और मनन करने का अवसर देती है प्रदर्शनी : सांसद



**रीवा।** मार्तंड स्कूल प्रांगण में तीन दिवसीय मेगा यशस्वी भारत प्रदर्शनी का सांसद सहित विधायक ने शुभारंभ किया। रीवा नगर के मार्तंड स्कूल प्रांगण में तीन दिवसीय मेगा प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक इं. नरेंद्र प्रजापति, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, पंचू लाल प्रजापति, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा सभी स्टाल का निरीक्षण कर विभिन्न संगठनों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकनकर सृजनात्मक कार्यों की प्रशंसा की गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि ज्ञान विज्ञान के माध्यम से यशस्वी भारत की कल्पना को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हो रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से प्राचीनता और आधुनिकता के ज्ञान विज्ञान का संगम हो रहा है। रीवा संसदीय क्षेत्र के युवा, किसान, बुद्धिजीवी, व्यापारी प्रदर्शनी में पहुंचकर नवाचार को देखकर अपने लिए उपयोगी संसाधनों का उपयोग कर आधुनिकता के साथ अपने कार्य क्षेत्र की गति बढ़ाने में लाभ उठाएं। यह प्रदर्शनी, देखने, सीखने और मनन करने का उचित माध्यम बन चुकी है। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियों के माध्यम से हमारे विंध्य क्षेत्र के लोग अपनी कार्य कुशलता को बढ़कर अपनी क्षमताओं में बेतहाशा वृद्धि कर सकते हैं। प्रदर्शनी में इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा के युवाओं का नवाचार अत्यंत ही सराहनीय है। इंजी. नरेंद्र प्रजापति ने मेघा प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन प्रदर्शनियों के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों को एक नया वातावरणऔर सृजनात्मक गुणात्मक ज्ञान की वृद्धि करने का अवसर मिलता है। पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी ने प्रदर्शनी आयोजन का आभारव्यक्त करते हुए कहा कि हमारे युवाओं को विविधता से परिपूर्ण ज्ञान देने का काम किया है। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र पांडे, राजेंद्र त्रिपाठी, योगेद्र शुक्ला, राजगोपाल चारी, विवेक गौतम, शिवम द्विवेदी, शिवेंद्र शुक्ला, गौरव पांडे, संजीव शुक्ला, स्थानीय पार्षद उपस्थित रहे। स्वागत भाषण प्रदर्शनी के संचालक आनंदपाल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन आशीष तिवारी ने किया। वहीं प्रदर्शनी संचालक टीम के दीपक सिंह मेहता, साक्षी सैनी, संतोष पवार, साक्षी रावत, आकृति शुक्ला, आयुष नेमा ने सहभागिता निभाई। सांसद ने राजकुमार शर्मा, प्रदर्शनी के संचालक आनंदपाल, स्नेह लता त्रिपाठी, आशीष तिवारी का सम्मान किया। यह प्रदर्शनी कई प्रमुख संगठनों का प्रदर्शन कर रही है, जिनमें केंद्रीय भंडारण निगम, नाबार्ड , ट्राइफेड, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ,डीसी हस्तशिल्प, कृषि बीमा, लघु उद्योग विकास बैंक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग , राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम, कृषि महाविद्यालय, कृषि विभाग, मध्य प्रदेश , ए.वी.एन.एल., भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, अमूल, टी बोर्ड, भारतीय मानक ब्यूरो, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिक्किम बांस मिशन, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र , डाक विभाग , भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, विदेश व्यापार महानिदेशालय, केंद्रीय पोल्ट्री विकास संगठन, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, भारतीय रिजर्व बैंक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद , भारतीय स्टेट बैंक , पादप किस्मों और किसान अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, जल शक्ति मंत्रालय , उद्यान एवं रोपण फसल निदेशक,चेपॉक, चेन्नई, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय कृषि प्रबंधन संस्थान, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शामिल हैं।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833